Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 22-08-2005

Participants : Dasmunsi Shri Priya Ranjan,Ponnuswamy Shri Mohan,Pradhan Shri Dharmendra,Yerrannaidu Shri Kinjarapu,Suman Shri Ramji Lal,Vijayan Shri A.K.S.,Deo Shri V. Kishore Chandra S.,Sangwan Shri Kishan Singh,Patil Shri Shriniwas Dadasaheb,Jha Shri Raghunath,Aiyar Shri Mani Shankar,Singh Shri Kalyan,Aiyar Shri Mani Shankar,Prabhu Shri Suresh,Swain Shri M.A. Kharabela,Ramadass Prof. M.,Mahto Shri Tek Lal,Naik Shri Dharavath Ravinder,Sethi Shri Arjun Charan,Chinta Mohan Dr. ,Krishnan Dr. C.,Patil Shri Annasaheb,Sar Shri Nikhilananda,Kumar Shri Shailendra,Maharia Shri Subhash,Mahato Shri Bir Sing,Baxla Shri Joachim,Nikhil Kumar Shri ,Singh Shri Uday,Prasad Shri Lal Mani,Pal Shri Rupchand,Maken Shri Ajay,Appadurai Shri M.,Singh Kunwar Rewati Raman,Deo Shri Bikram Keshari,Gowda Dr. (Smt.) Tejasvini,Singh Shri Sitaram,Acharia Shri Basudeb,Gandhi Shri Pradeep,Bisen Shri Gauri Shankar Chaturbhuj,Lagadapati Shri Rajagopal,Ahir Shri Hansraj Gangaram,Bwiswmuthiary Shri Sansuma Khunggur,Virendra Kumar Shri ,Shiwankar Shri Maha Deo Rao,Patil Adv. Tukaram Ganpatrao Renge,Saroj Shri Tufani,Pateriya Smt. Neeta,Mahtab Shri Bhartruhari,Pal Shri Raja Ram,Singh Shri Bijendra,Singh Shri Rakesh,Jatiya Dr. Satyanarayan,Ravichandran Shri A.,Suklabaidya Shri Lalit Mohan,Athawale Shri Ramdas,Rathod Shri Harisingh Nasaru,Verma Shri Ravi Prakash,Radhakrishnan Shri Varkala,Oraon Shri Rameshwar,Wagmare Shri Suresh Ganapat,Mishra Dr. Rajesh Kumar,Thakkar Smt. Jayaben B.,Yadav Dr. Karan Singh,Khaire Shri Chandrakant Bhaurao,Meinya Dr. Thokchom,Shandil Dr. (Col.) Dhani Ram,Mohale Shri Punnulal

>

Title : Discussion on the motion for consideration of the National Rural Employment Guarantee Bill , 2004 moved by Dr. Raghuvansh Prasad Singh on the 18th August, 2005.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now, we will take up item No. 21, that is, further consideration of the National Rural Employment Guarantee Bill. The time allotted was eight hours; we have taken 3 hours and 53 minutes; and the time left with us is 4 hours 07 minutes. Last time when the House was adjourned, no Member was on his feet.

I would now give the floor to Shri Priya Ranjan Dasmunsi.

जल संसाधन मंत्री (श्री प्रियरंजन दासमुंशी) उपाध्यक्ष महोदय, हमारी यूपीए सरकार के द्वारा ग्रामीण् विकास के मंत्रालय के जिम्मेदार मंत्री रघुवंश प्रसाद जी द्वारा यह जो बिल सदन में लाया गया है, मैं इसके समर्थन में अपने पक्ष को विस्तार से आपके सामने रखने के लिए खड़ा हुआ cÚÆ[i28]*

मैं पहले स्टैडिंग कमेटी के माननीय सदस्यों को बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने और उनके चेयरमैन कल्याण सिंह जी ने कडी मेहनत के साथ रिपोर्ट को सर्वसम्मति से सदन में पेश किया। रिपोर्ट पर कैबिनेट ने गहरी चर्चा की। उसके बाद सरकार ने यह कानून सदन में पेश किया।

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव (झंझारपुर) कानून नहीं, विधेयक सदन में पेश किया गया है।

श्री प्रियरंजन दासमुंशीः मेरे हिन्दी के भााण में मेरी मदद कीजिए।

मैं इस विधेयक के बारे में कुछ मुद्दे आपके सामने रखना चाहता हूं - चाहे इस तरफ से या उस तरफ से कितनी भी तकरीरें हों, देश में बेरोजगारी और गरीबी का जो मसला है, उनका समाधान आसानी से ढूंढना किसी भी सरकार के लिए सम्भव नहीं है। सरकार ने कानूनन रूप से, इसकी शुरूआत सोशल सिक्योरिटी के रूप में करके, इन लोगों में एक आत्मविश्वास पैदा करने के लिए एक कदम उठाया है। देश की आबादी बड़ी रफ्तार से बढ़ रही है। कुछ दिन पहले मैंने एक संगोठी में भाग लिया था। चाहे उत्पादन कितना भी हो, साधन कितने भी जुटाए जाएं, अगर उसके साथ दूसरी योजनाएं भी चलायी जाती हैं तो बढ़ती हुई आबादी को अगर नियंत्रित नहीं किया गया तो सारे प्रयास एक दिन में फेल हो जाएंगे। यही बात इन्दिरा जी ने 1974 में इस सदन में दोहरायी थी कि देश में चाहे कोई भी कार्यक्रम हो, उसके साथ बढ़ती हुई आबादी के मसले को जोड़ते हुए देखें। ऐसे समय में चाहे योजना कितनी भी अच्छी क्यों न हो, काम नहीं करेगी।

महोदय, मैं आज आपके सामने 2-3 मुद्दों को लेकर बात करना चाहता हूं। सदन में इस पर गम्भीर बहस हुई। परसों इस पर जो बहस हुई, वे सब भााण मैंने आदर के साथ पढ़ें। सभी ने इस पर चिन्ता जतायी और कहा कि जल्दबाजी में इसे नहीं लेना चाहिए, 55 रुपए में क्या होगा। नीतीश जी ने इसे बांट करके देखा और कहा कि छः रुपए में क्या होगा, 100 रुपए में क्या होगा, उनका कैसे गुजारा होगा। उन्होंने सही कहा कि क्या कोई पार्टी, कोई एक पॉलिसी यहां पेश कर सकती है? हमारे पास जादू नहीं है। क्या हम उस जादू से बढ़ती हुई सौ करोड़ की आबादी में जितने लोग गरीब और बेरोजगार हैं, उसे इस नक्शे से ठीक कर देंगे? ऐसा जादू किसी के पास नहीं है, न हमारे पास हैं और न आपके पास है लेकिन रास्ता दिखाना आवश्यक है।

मैं आपके सामने जो बात कहने के लिए आया हूं, मैं उसकी शुरूआत यहां से करना चाहता हूं। श्री कल्याण सिंह जो एक अनुभवी मुख्यमंत्री और वाजपेयी जी की पार्टी के सीनियर लीडर हैं, उन्होंने अपनी मेडन स्पीच में शुरू में कहा कि " मैं इसलिए बधाई देना चाहता हूं कि 40-50 वर्षों के बाद ही सही लेकिन सही दृटिकोण अपनाया है। दूसरा, इस बात के लिए बधाई देना चाहता हूं कि अभी तक कांग्रेस ने गरीबी हटाओ के नारे से देश को भ्रम में डाल रखा था। उसके आधार पर चुनाव लड़ा और जीत भी गए लेकिन आम पब्लिक समझ नहीं पायी कि इस नारे का क्या अर्थ है? "

पॉलिटिक्स में कोई भी कानून, कोई भी विधेयक अगर लाया जाता है तो उसमें क्या कमियां हैं, उस पर रोशनी डालना और बात करना सही है लेकिन मैं बड़े दावे के साथ कह सकता हूं कि हमारे संविधान के प्रिएम्बल में सोशलिज्म जोड़ने से पहले चाहे दुनिया में कितना भी ग्लोबलाइजेशन हो, इन्दिरा जी ने पहला क्रांतिकारी कदम उठाया। आप सब उसके बारे में देश के कोने-कोने में जाकर पूछ सकते हैं कि उस कदम से गरीब लोगों को सहारा मिला या नहीं? इस सदन में खड़े होकर इन्दिरा जी ने कहा था कि बिड़ला, टाटा, सिंघानिया और गोयनका आदि पूंजीपतियों के हाथों से बैंकों को सरकार अपने हाथ में लेकर गरीबों की सहायता करना चाहती है। उस दिन हमें सदन में सभी तरफ से समर्थन नहीं मिला थाइ/ड29ट।

लेकिन बहुमत मिलने के बाद जनता से मिलकर जब इंदिरा जी लौटकर आईं और तुरंत संविधान को बदला। आज क्या स्थिति है? आज लखनऊ से लेकर बंगाल के गांव का एक ठेलेवाला, एक रिक्शे वाला, पब्लिक बस, व्हीकल का ड्राइवर, इंस्ट्रक्टर या मालिक के वाहन के पीछे, रिक्शे के पीछे या बस के पीछे लिखा होता है कि मैं इस कर्ज के लिए इस सरकार के फलाना

बैंक के साथ जुड़ा हूं, मैं किसी व्यक्ति का गुलाम नहीं हूं। अगर आज का रिकॉर्ड लिया जाए तो एनपीए का एस्टीमेट, जो मैंने पिछले सदन में स्टडी किया था कि बेरोजगार नौजवान को जिस बैंक से राहत मिली, बेरोजगार लोगों को, ग्रुप कोऑपरेटिव को जो राहत मिली, उनको कर्ज माफ कर दिया गया। एनपीए का 90 परसेंट कर्ज उन्होंने माफ कर दिया लेकिन 10 परसेंट बड़े उद्योगपति ने माफ नहीं किया, मझले इंडस्ट्रिलिस्ट ने माफ नहीं किया। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि बैंक नेशनलाइजेशन का पहला कदम गरीबों तक पहुंचा। क्या हम यह नहीं कह सकते कि हिन्दुस्तान के कृाि विकास क्षेत्र में जितने ट्रैक्टर काम कर रहे हैं, जितने एग्रीकल्चर इम्पलीमेंट्स काम कर रहे हैं, उन सब इम्पलीमेंट्स के लिए चाहे लैण्ड डेवलपमेंट बैंक की सहायता हो, चाहे राट्रीय बैंक की सहायता हो, संभव नहीं होती अगर बैंकों का राट्रीयकरण नहीं होता। यह कदम पहले उठाया था। इस कदम को हम नजरअंदाज कर रहे हैं। श्री कल्याण सिंह जी ने कहा 40-50 वर्षों में कुछ हुआ नहीं है। मैं आपके सामने एक बयान पढ़कर सुनाता हूं, बयान तो नहीं सदन में दिया हुआ जवाब है। श्री सुन्दर लाल पटवा जी आदरणीय नेता हैं और पिछले सदन में मैंने उनके विचार सुने, इससे पहले वे ग्रामीण विकास मंत्री भी रह चुके हैं, उनसे सवाल किया गया कि गरीबी मिटाने के लिए बेरोजगारों को कुछ काम देने के लिए क्या इस देश में कुछ हो रहा है? उन्होंने कहा था - Yes, Sir, Government have been implementing a number of programmes, poverty alleviation programmes from time to time. Some major Poverty alleviation schemes were launched in the past. पास्ट कहते हुए उन्होंने कहा - आई.आर.डी.पी., ट्रेनी, ट्राइसेम, डवाकरा, जे.आर.वाई, एम.डबल्यू.एस, ई.ए.एस., सितरा, जे.जी.एस.वाई इन सारी योजनाओं पर काम चल रहा है। फिर उनसे पूछा गया कि काम का नतीजा क्या है? उन्होंने बहुत अच्छा जवाब दिया, उन्होंने कहा - The programmes have successfully achieved their objectives and helped in alleviating the rural poverty in the country. Statement is now placed to justify the facts. श्री सुन्दर लाल पटवा जी को अनुभव था, उन्होंने

सही कहा कि पिछले दिनों से यह प्रोग्राम चल रहा है, इसके ऑब्जेक्टिव्स में हमने काफी सफलता पाई है लेकिन आगे भी कुछ करना है। इसका मतलब यह नहीं है कि 40-50 वर्षों से राज्यों में कांग्रेस ने कुछ नहीं किया। मैं कहना चाहता हूं कि इन सब प्रोग्राम्स को कार्यान्वित करने के लिए योजनाओं के मुताबिक राज्य सरकार और केंद्र सरकार की हिस्सेदारी होती है और कार्यान्वयन राज्य में होता है। क्या यह बात सही नहीं है कि 50 साल या 55 साल में अकेले कांग्रेस ने राज नहीं किया, अगर राज्य सरकार को गिना जाए तो आप देखें कि गैर कांग्रेसी राज का मौका भारत के सबसे महान् प्रान्त उत्तर प्रदेश को बहुत मिला, बिहार को मिला और बंगाल को तो 28 साल मिल चुका है। बाकी प्रांतों को पांच, छः और नौ साल मौका मिला है और केन्द्रीय स्तर पर कुल मिलाकर 11 साल से अधिक समय गैर-कांग्रेसी सरकार को मौका मिला है। इसलिए हम किसी पार्टी को कटघरे में खड़ा करके बहस नहीं करना चाहते। हमने पहले ही कहा है कि समस्या बहुत भयंकर है, इससे निपटने के लिए हमें रास्ता ढूढ़ना होगा। श्री राजीव गांधी ने सही दृटिकोण अपनाया था और कहा था कि पार्लियामेंट और स्टेट असैम्बली चाहे कितने भी कानून पास करे वे कानून गांव तक नहीं जा पाएंगे जब तक दया छोड़कर, कृपा छोड़कर सं वैधानिक रूप से डेमोक्रेसी को हम ट्रांसफर नहीं करेंगे। The 73rd and 75th amendment gave new life to the Panchayats . अगर राजीव गांधी जी उस समय यह दृटिकोण नहीं अपनाते तो आज गांव में इतनी सारी स्कीम्स को सुचारू रूप से चलाने के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर नहीं मिलता। आप देखें कानून में बुनियादी ढांचे को जो शक्ति दी गई है वह ग्राम पंचायत को दी गई है। किंग को चुनने का अधिकार ग्राम पंचायत को दिया गया है, गांव को पार्लियामेंटरी अधिकार दिया है और उसे लागू करने के लिए फैसला लेने के लिए, कानून में लिखा है कि हमें गांवों के लोगों से सलाह करने के बाद ही उसे स्थिर करना है।

15.00 hrs.

इससे बड़ा काम और क्या हो सकता है? इंडियन डैमोक्रेसी की मैच्योरिटी के साथ इस काम को करने का जो तरीका है. वह नेशनल रुरल एम्पलायमेंट गारटी बिल में लिखा हुआ है। मैं समझता हूं कि पूरे पार्लियामेट को, चाहे इस तरफ के लोग हों या उस तरफ के लोग हों the decentralised democratisation of the whole power, empowerment to the panchayats is necessary. जिस पंचायत में एक तिहाई से ज्यादा स्थानों पर महिलाओं का अधिकार हो गया हो, उस आधार पर काम करने के लिये जो योजना बनी है, उस योजना का बिना टीका-टिप्पणी किये स्वागत किया जाना चाहिये। हां, साधनों की कमी है, धन की कमी है। अगर एक आदमी दिन में भीख मांगकर 10-20 रुपये कमाता है जिसे दिलाने के लिये माफिया के लोग काम करते हैं, वह उससे पैसा छीन लेता है। गरीब तो गरीब है लेकिन हम लोगों ने क्या किया। हम लोगों ने वही कहा जो स्व. राजीव जी ने कहा। उन्होंने कहा था कि हमें दया नहीं, अधिकार दो। पंचायत दया नहीं, एस.डी.ओ. या म्युनिसिपैलिटी की दया नहीं होगी कि जब चाहा किसी इंसपैक्टर को बैठाया या एडमिनिस्ट्रेटर ने कह दिया कि नहीं होगा। संविधान हमें हकीकत दे सकता है। हम लोग आज तक रूरल एम्पलायमेंट प्रोग्राम कर रहे थे। उसमें कभी-कभी दया थी क्योकि जिला मैजिस्ट्रेट कहता था कि फंड्स नहीं हैं, इसलिये काम नहीं होगा। बी.डी.ओ. ने कहा कि नहीं होगा, पंचायत बंद है, इसलिये नहीं होगा या फंड्स नहीं आया, इसलिये नहीं होगा। अब शुरुआत तो करें। आज यह दया नहीं, अधिकार बन गया है। हम 200 जिलों से आगे बढ़ सकते हैं। हां, हम बढ़ सकते हैं। जब 1976 में आई.आर.डी.पी. 54 जिलों तक शुरु हुआ जो बाद में 100 जिलों तक चला गया। अक्तूबर, 1980 में स्व. इन्दिरा जी के समय में सफलता मिल गई कि पूरे देश में आई.आर.डी.पी. लागू किया जाये। इसलिये आज हम शुरुआत करने वाले हैं। शुरुआती ढंग से हमारे पास इस साल का जो पैसा बचा हुआ है, वह फूड फॉर वर्क और आई.आर.डी.पी. के काम में लग जायेगा। करीब-करीब 11 हजार करोड़ रुपया अगले साल में फंड बन जायेगा। एन.आर.ई.जी. बिल से हम स्टेट गवर्नमेंट का बोझ हलका करेंगे। इतना हलका होगा, यह सोचा भी न था लेकिन फिर भी हो गया। फंड्स रिलीज होने के बाद निश्चित रूप से 200 जिलों में आयेगा और इसे बाद में बढ़ायेंगे। यदि घर मे एक नौजवान है तो उसका हौसला बढ़ेगा कि उसे भीख नहीं मांगनी है। वह हिम्मत से कुछ लेता है और बाकी के लिये देश की तरफ देखता है। I have not said, we are not saying, and Soniaji never said that this is the end of everything. It is the beginning to restore confidence in terms of social security in the villages in the country. All we have to do is to take them as the pilot projects. कोई भी स्कीम आत्मविश्वास के बिना नहीं हो सकती। मैं कहता हूं कि पंचायत पर भरोसा रखिये। पौलिटिक्स चाहे कैसी भी हो लेकिन पंचायत ही गांव में भेजकर पता लगायेगी कि कहां नाला निकालना है। इस योजना में हमारे मंत्रालय जल संसाधन का सब से ज्यादा काम है। हम कहेंगे कि 10 हैक्टेयर की सिंचाई करेंगे, कुदाल लेकर गांव में चले जाओ, बरसात का पानी आ रहा है, उसे स्टोर कर लो। देश के नव निर्माण के लिये लोगों की पहचान बनायेंगे। इन सब चीजों के बीच में ठेकेदार नहीं है। It is a very beautiful and very revolutionary concept of the whole system. इसलिये मैं कहता हूं कि इसमें पौलिटिक्स लाकर कुछ नहीं करना चाहिये। कौन कहता है कि कुछ नहीं हुआ है । मैं आपको एक बात बताऊंगा तो आप हैरान होगे कि शहर की मेन मार्किट में एक बच्चा मां को लेकर हमारी गाड़ी के सामने भीख मांगने आ गया। मैंने सोचा कि ड्रामा हो गया लेकिन अधिकारी ने कहा कि थोड़ा-थोड़ा हो रहा है। उसने कहा कि अगर तीन-चार मार्किट में जाइये तो ऐसी हालत देख पायेंगे। मैंने देखा कि एक सिल्क साड़ी की दुकान के सामने एक बच्चा आ गया तो दुकानदार ने उसे रोक दिया। इसका मतलब यह नहीं कि सब का दुख मिट गया है। मेरा यह मानना है कि रेजीमेंटल तरीके से गरीबी मिटाने के लिये कदम नहीं उठाया गया। हम ब्लडशैड द्वारा फैमिली प्लानिंग नहीं करें। हमें लोकतंत्र को जिन्दा रखकर समाज में कदम उठाना चाहिये। हमारी आबादी जिस रफ्तार से लगातार बढ़ रही है उससे फैमिली प्लानिंग सक्सैसफुल नहीं होने वाला है। श्री शरद पवार जी उस दिन कह रहे थेइ्ऽ्ऽ30ट।

उस दिन श्री शरद पवार जी हमें बता रहे थे कि प्रधान मंत्री जी ने एक कमेटी बनाई है जो सुझाव देगी कि 11वीं योजना में फूड प्रोडक्शन डबल करने के लिए हमें क्या चाहिए। शरद जी ने हमें खुद कहा कि प्रोडक्शन बढ़ाने के लिए हम लोग काम करेंगे. देश के फारमर्स भी काम करेंगे, सिंचाई दुगुनी कर देंगे। लेकिन आबादी के बारे में हम लोगों को दीर्घ रूप में सोचना चाहिए कि कंट्री के लिए अल्टीमेट प्रोग्राम क्या होना चाहिए। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि जो विधेयक यू.पी.ए. की तरफ से प्रस्तुत किया गया है, इसका क्या कारण है। मैं सच कहता हूं कि इसमें राजनीति नहीं है। राजनीति क्यों नहीं है - नीतीश जी ने कहा कि इसका राजनीतिक फायदा नहीं उठाना चाहिए। यू.पी.ए. को बहुत स्पट मैनडेट मिला है, हमें देश की एकता तथा सेक्युलरिज्म को मजबूत करना है और गरीब को नया विचार देने के लिए हमें हर कदम के बारे में प्रायोरिटी के साथ सोचना है। इन दोनों के साथ हमारा तालमेल है और तालमेल होने के कारण हमने देखा कि जवाहर रोजगार योजना दया है, मिलेगा या नहीं मिलेगा। इम्पलॉयमैन्ट एश्योरेन्स स्कीम दया है, मिल भी सकता है और नहीं भी मिल सकता है। लेकिन दया नहीं, हमें कानूनन अधिकार चाहिए। इस तरफ हम लोगों ने शिफ्ट किया है। यह कदम यू.पी.ए. के विचार हैं, यू.पी.ए. का राजनीतिक दृटिकोण है। चाहे किसी को अच्छा लगे या बुरा लगे, लेकिन हम जानते हैं कि यह आत्मविश्वास पैदा करने के लिए किसी व्यक्ति, किसी राजनीतिक दल को ले लीजिए। हिन्दुस्तान की सदन में हर पार्टी के लोग बैठे हुए हैं। जिस आदमी को इस कानून के

द्वारा अगले दिन पैसा मिलेगा, दो साल के बाद ज्यादा मिलेगा, पांच साल के बाद और ज्यादा मिलेगा, उसमें आपको भी गौरव होगा और हमें भी गौरव होगा। हम सब लोग मिलकर सोचेंगे। The Indian Parliament thought together that it is an issue beyond politics. It is a dedication of the Indian Parliament to ensure social security and confidence of the poorest of the poor in this country with another commitment to ensure that further poverty is not extended and population management is under control. That should be the logical consequence and the conclusion of the entire theme of the Employment Guarantee Bill. The word 'guarantee' itself is a confidence… पैसा चाहे 500 हो, अगले दिन हजार हो, डेढ़ हजार हो, ऐसा नहीं है। गारंटी से हमारा फूड फॉर वर्क प्रोग्राम रिप्लेस हो जायेगा। इस गारंटी के बाद और जो योजनाएं हैं, उन्हें भी मजबूत करने के लिए हम लोग आगे चलेंगे। आप लोगों को सोचना चाहिए, सरकार के दृटिकोण की जांच करनी चाहिए कि इसका कान्सैप्ट क्या है। मैं यह टोकने के लिए नहीं कहता हूँ। Is a jump from Rs. 4,500 crore to Rs. 11,000 crore in the food for work programme not a paradigm shift of the whole approach to the rural poverty by the UPA Government! आप यह कहेंगे कि पैसा कहां से आयेगा। हम लोगों ने पहले ही कहा है कि इस साल के लिए कोई समस्या नहीं है। फंड क्रिएट होने के बाद हम लोग प्रावधान करेंगे। हम लोग भागकर कहीं नहीं जायेंगे, सब मिलकर तय करेंगे। प्रधान मंत्री जी ने सब मंत्रालयों, विभागों को फिजूलखर्ची बंद करने का आदेश दे दिया है। मैं यह अपनी पार्टी के लिए नहीं कह रहा हूं। वर्ा 1984 में गोहाटी में हुई बैठक में गम्भीर चिंतन हुआ। सोनिया जी ने मीटिंग में खुद इसके बारे में कहा कि बेरोजगारों के पास जाकर भााण देने से कुछ नहीं होगा। पायलट प्रोजैक्ट की तरह कुछ मॉडल प्लान करो। पहले एक कदम उठाओ, उसके बाद दूसरा कदम उठाओ, ऐसा करके यदि उनमें आत्मविश्वास पैदा कर सकते हैं तो निश्चित रुप से हमें कुछ न कुछ मिलेगा। शुरूआती तौर पर दो सौ जिलों के गांवों में 50 आदमियों को इकट्ठा करके एक-एक गांव में इसकी छवि बनाओ कि इम्पलायमैन्ट गारंटी बिल में यह आया है। यह शुरूआत है, यह अंत नहीं है। इसका अंत तब होगा, जिस दिन इस हाउस में आकर हम लोग बोलेंगे कि इस बिल की अब कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि इसके लक्ष्य से हम बहुत आगे चले गये हैं। अब इसे रिपील करो, गांव अब समृद्ध हो गये हैं। लेकिन आत्मविश्वास पैदा करने के लिए जो बिल लाया गया है, उस पर यह कहना गलत है कि पचास साल में कुछ नहीं हुआ। 50 साल में अगर कुछ नहीं होता तो क्या यह संसद चलती। यह वाइटेलिटी ऑफ इंडियन डेमोक्रेसी है। आप यह कह सकते हैं कि हमने पचास साल में कुछ नहीं किया। अगर हम पचास सालों में गरीबी मिटा सकते थे तो उधर भी हमारे आदमी बैठते और इधर भी हमारे आदमी बैठते। हमने गरीबी नहीं मिटाई, इसलिए हम इधर भी नहीं बैठे और उधर भी नहीं बैठेइ्ड32टइ्ड31ट।

इसे स्वीकार करने में मुझे कोई संकोच नहीं है। आप कह सकते हैं कि आपको सात साल ही मौका मिला और हमें ज्यादा मौका मिला। जब देश आज़ाद हुआ और पंडित जी इस देश के प्रधान मंत्री बने तो उस समय देश का नक्शा क्या था आप देख लीजिए - उस समय देश में कितना अनाज था और कितना अनाज हम बाहर से मंगाते थे। कितनी भुखमरी का सामना हमें करना पड़ा और कितनी जंग हमने लड़ीं। कितने शरणार्थी ईस्ट और वैस्ट पाकिस्तान से यहां आए जिनको हमें भारत की गोद में बैठाकर खिलाना पड़ा और उनकी परवरिश करनी पड़ी। मैं उसके िवस्तार में नहीं जाऊंगा, उसके बारे में इतिहास में सब लिखा है। लेकिन मैं यह जरूर कहूंगा कि यह बिल जो सदन में आया है यह बिल एक संकल्प है कि हमारे देश में हर चीज़ की सिक्यूरिटी तैयार करनी है - सोशल सिक्यूरिटी, फूड सिक्यूरिटी और सुप्रीम देश की सिक्यूरिटी। देश की सिक्यूरिटी सिर्फ हथियारों से नहीं होती। The first step towards country's security is the social security of the people of India and especially the downtrodden. उनकी सोशल सिक्यूरिटी और आत्मविश्वास के साथ देश की नेशनल सिक्यूरिटी मज़बूत होती है।

आज कितने नौजवान गांवों में भटक रहे हैं, यह देखकर मैं हैरान हो रहा हूं। मैं बंगाल की बात करूंगा। हमारे प्रांत में नशीले पदार्थ नहीं आते थे लेकिन आज आने शुरू हो गए हैं। गांव के गरीब नौजवान उस तरफ भटक रहे हैं। हम लोगों ने इसको रोकने की कोशिश की। मैं इसका श्रेय सिर्फ कांग्रेस को नहीं दे रहा हूं, सभी पार्टी के अच्छे-अच्छे लोग इसको रोकने में लगे हुए हैं, चाहे इस तरफ के हों या उस तरफ के हों, लेकिन समस्या यह है कि वह कैसे रुके और हमारा रास्ता क्या हो। दस बड़े उद्योगपतियों ने बैंक का कर्ज़ा नहीं चुकाया इसलिए बैंक की पॉलिसी में सुधार करके बेरोज़गारों को ऋण देने की जो नीति थी, वह संकुचित हो गई। मुझे गर्व है कि हमारी यूपीए सरकार दोबारा उस नीति को अपनाने के लिए उस अप्रोच को ले रही है कि हिम्मतदार नौजवानों के स्वावलंबन के लिए बैंक के दरवाज़े खुले रहें। मैं दो और योजनाओं की बात करूंगा।

मैं ग्रामीण क्षेत्र से आता हूं। आज भारत में पंचायती राज में ड्वाक्रा प्रोग्राम चल रहा है। मुझे नहीं मालूम कि किस किस पंथ के लोगों ने इसको अपनाया है। ड्वाक्रा में हर ग्राम पंचायत में, I can tell you with confidence that at least in my State and in my constituency, in every village panchayat that programme is there and it involves not less than 500 women belonging to Scheduled Castes, Scheduled Tribes and other communities. It is the case with the municipal towns also. I addressed the workshop last week, where we had 3,000 women.

SHRI KINJARAPU YERRANNAIDU (SRIKAKULAM): It is there in Andhra Pradesh also.

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI: I am happy that you are admitting it. ड्वाक्रा प्रोग्राम में महिलाओं की भागीदारी है। यह कार्यक्रम किसने शुरू किया - हमारी सरकार ने किया। आईसीडीएस चाइल्ड डैवलपमैंट का प्रोग्राम है जिसमें छठी कक्षा पास, पांचवीं कक्षा पास या तीसरी कक्षा पास हमारी माताएं और बहनें आंगनवाड़ी में काम कर रही हैं। वे कितनी तादाद में काम कर रही हैं? एक जुलूस में 10000 महिलाओं को मैंने खुद अपनी आंखों से देखा है। उस जुलूस में किसी पार्टी का झंडा नहीं था - न बीजेपी का, न कांग्रेस का और न सीपीएम का। आईसीडीएस आंगनवाड़ी प्रोग्राम में चौथी या पांचवी कक्षा पास महिलाएं काम कर रही हैं। यह कैसे संभव हुआ? पंचायती राज प्रोग्राम के द्वारा यह संभव हुआ। यह कार्यक्रम किसने शुरू किया? इंदिरा जी ने 20 सूत्री कार्यक्रम के तहत शुरू किया। यहां पर्यावरण मंत्री नहीं हैं। मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि डीप फॉरैस्टेशन प्रोग्राम में जितनी तरक्की नहीं हुई, उससे सात गुना ज्यादा तरक्की सोशल फौरैस्टरी प्रोग्राम में हुई जो पंचायती राज द्वारा इंप्लीमैंट हुआ। आप गौर करेंगे कि इंदिरा जी ने जो 20 सूत्री कार्यक्रम पास किया था, उसमें एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम सोशल फौरेस्टरी कार्यक्रम था।

श्री सुशील कुमार मोदी (भागलपुर) : बिहार में कुछ नहीं हुआ।

श्री प्रियरंजन दासमुंशी : मोदी जी, मैं इसलिए बिहार में नहीं जाना चाहता हूं क्योंकि बिहार के लिए आपकी जिम्मेदारी है, हमारी जिम्मेदारी है, लालू जी की जिम्मेदारी है और सबकी जिम्मेदारी है। चाहे कुछ दिनों के लिए आपके रास्ते अलग हो गए थे, वह दूसरी बात हैझ्र33ट।

सोशल फोरेस्ट में Seven times the coverage was extended only through the Panchayati Raj Scheme. That is why, while launching the 20-Point Programme, the Poverty Alleviation Programme. इंदिरा जी ने सही कहा कि इससे गरीबी दूर करने में हमें सहायता मिलेगी और जब तक गरीबी नहीं हटेगी, यह प्रोग्राम चलता रहेगा। गरीबी हटाओ का मतलब यह नहीं कि जादूगर आया और उसने कहा कि गरीबी हटे और गरीबी हट गई। गरीबी दूर करने के लिए कार्यक्रम चलाया जाना चाहिए। I say with confidence, anybody can challenge me, that the tribal folk of the country, the Scheduled Castes in the village. आंध्र प्रदेश के श्री यरेननायडु को मालूम है, जो राहत इन प्रोग्राम्स के जरिए मिली है उससे गरीब लोगों ने अपने पैरों पर खड़े हो कर अपने बच्चों को पढ़ने के लिए स्कूल भेजना शुरू किया और जिसका फायदा सर्व शिक्षा अभियान में होगा। एससी और एसटी प्रोग्राम में बहुत ज्यादा महिलाओं की भागीदारी हुई है। हम लोगों ने कभी आंकड़ों के बारे में नहीं सोचा। सिर्फ देश के सामने नेगेटिव पिक्चर रखी कि हम लोगों का कुछ नहीं होने वाला है। मैं श्री टोनी ब्लेयर के पक्ष में बात नहीं कर रहा हूं। मुझे बहुत अच्छा लगा, on the 27th of June, I was in Europe when Tony Blair addressed the

European Parliament for the first time. पहले कहते थे कि एशिया मतलब चाइना। For the first time he acknowledged that the destination of Asia, India and China, should not be undermined by the whole of Europe. We have scientific talent, rural manpower, and innovative ideas. आप इंटरनेट से भााण पढ़िए। उन्होंने कहा कि आप भारत को नजरअंदाज कर रहे हैं। भारत को तेज रफ्तार से चलने नहीं दिया है और भारत को नजरअंदाज मत कीजिए। पहले कहते थे कि डेस्टीनेशन चाइना, लेकिन अब कहते हैं कि डेस्टीनेशन इंडिया एंड चाइना। भारत में दो सौ जिलों से शुरू किया और अब छह सौ जिलों में शुरू होगा। हर एक गांव में 50-50 दीये जलेंगे। सौ दीयों के लिए पैसा नहीं है, लेकिन 50 दीयों के अंदर हम रोशनी करेंगे। हम हिम्मत के साथ ईमानदारी से कह सकते हैं कि अगले 10 सालों में गांवों में एक हजार से ज्यादा दीये जलेंगे। यही हमारे प्रोग्राम का महत्व है। मैं तो यह भी कहने के लिए तैयार हूं कि इस प्रोग्राम के लिए राशि आबंटित करने के लिए अगली बार श्री चिदम्बरम जी बजट पेश करेंगे, मैं श्री रघुवंश प्रसाद जी को भी कहता हूं कि इस बजट में एमपीज से फंड लेना शुरू कीजिए। एमपीलैड फंड से पैसा लीजिए। शुरूआत घर से ही होगी। इससे आत्मविश्वास बढ़ेगा। हर एक राज्य सरकार का फंड क्रिएट होगा। हम अधिकारियों को भी फंड देने के लिए कहेंगे। सारा पैसा मिलाकर भी एक सौ करोड़ रुपए से अधिक नहीं होगा। यह 36 हजार या 40 हजार करोड़ रुपयों की योजना है। उसमें 100 करोड़ रुपयों का योगदान हमें दिशा दिखाएगा। The Indian democracy, cutting across Party lines, fought to ensure the social security concept for the people of India who are in villages. जहां तक शहर की बात है, यहां नीतीश जी और कल्याण जी ने कहा कि शहरों का क्या होगा? क्या शहरों के लिए भी कोई स्कीम है? शहरों को आत्मविश्वास प्राप्त करने के लिए 4-5 रास्ते हैं। कारखाने, दफ्तर और दुकान आदि खोलने से शहर के लोगों को काम मिल सकता है। लेकिन गांव की हालत को देखते हुए क्योंकि गांव में शहरीकरण शुरू हो गया है, एक्सपेंशन हो रहा है, एग्रीकल्चर के ऊपर हमला हो रहा है। मैं विस्तार में नहीं जाना चाहता हूं, इससे काफी तर्क होगा लेकिन एग्रीकल्चर नेटवर्क को सुरक्षित रखते हुए, बढ़ती हुई आबादी को अनाज देने के लिए और ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर को छोटी सिंचाई से लेकर बड़ी नहरों से जोड़ने के लिए काम होना चाहिए। घर के बड़े नौजवान को बुला कर इस योजना में शामिल करेंगे तो मेरा ख्याल है कि भारत में और भारत के गांवों में नई तरक्की की शुरूआत होगी। इस बिल को सर्व सहमति से पास करना चाहिए और छानबीन करने से पहले मैं इतना कहना चाहता हूं कि न हम बीजेपी को कहें कि तुमने सात सालों में क्या किया और न बीजेपी कहे कि हमने क्या किया[इ34टइ35ट]।

महोदय, अगर हम ऐसी बातें करेंगे, तो इसका कोई अन्त नहीं होगा। देश से गरीबी को मिटाने के लिए तृतीय पंचवर्षीय योजना में काम शुरू हुआ था। हमारी तृतीय पंचवर्षीय योजना इस बात की गवाह है। तृतीय पंचवर्षीय योजना से 10वीं पंचवर्षीय योजना तक, गरीबी हटाने के कार्यक्रमों को लागू करने पर देश से गरीबी को मिटाया जा सकता था, लेकिन हम 20 प्रतिशत की दर से बढ़ती हुई आबादी पर रोक नहीं लगा पाए। इसलिए गरीबी को देश से नहीं मिटाया जा सका। That is why, when I saw the Business that there is going to be further discussion regarding increasing population in the country raised by Shri Prabhodh Panda, I was delighted. The population management should go together with our economic management. Irrespective of Party lines, we are united on this issue. We may differ on many issues. If all Parties give a combined-mandate for the population management and economic management at the grassroot, I tell you that India will prosper and become the greatest democratic nation with wealth as also economic achievement and grow in the whole world very soon. उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया। इसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद।

SHRI P. MOHAN Hon. Deputy Speaker Sir, the Union Government led by the United Progressive Alliance has introduced the National Rural Employment Guarantee Bill in this august House. I welcome and support this Bill on behalf of my party, Marxist Communist Party of India. At least after 58 years of independence we have evolved a near comprehensive bill to provide guaranteed job to the rural poor. I am happy to note that our CPI (M) and other left parties have played a major role in introducing this historic Bill in this session.

The salient features of this Bill are noteworthy. One hundred days of guaranteed job at a minimum daily wage of Rs 60 with specified developmental work for enhancing infrastructure facilities in the rural areas are the highlights of this Bill. This Bill also provides for 33% reservation of jobs for women under this scheme. Various works under the scheme will be implemented through the departments concerned is another assured aspect in this Bill. Firstly, the Bill states categorically that no work under this scheme will employ machines like earth movers and pokline. I wholeheartedly welcome this. Providing jobs to the needy poor who are prepared to render manual labour is the aim of this Bill. It has been ensured that funds allotted for this scheme will be spent only on men but not on machines. I welcome it.

Rain fed districts and States that depend on river irrigation would find this scheme a boon. More particularly the States like Tamil Nadu, Kerala, Karnataka and Andhra Pradesh will be greatly benefited by this scheme. Only 150 districts were originally intended to be covered under this scheme. Now 50 more districts have been added to this. In Tamil Nadu there are 29 revenue districts and only 4 districts from Tamil Nadu come under the ambit of this scheme. I had already

_____*Translation of the speech originally delivered in Tamil.

stated the need to include all the districts that have more dry land and depend on rain and rain fed river irrigation. Hence I feel more districts from the southern States especially from Tamil Nadu should have been included in this scheme. Tamil Nadu is not a fertile State with perennial rivers like Punjab, the State which our hon. Deputy Speaker hail from. Tamil Nadu is dependent on release of water from neighbouring States. Hence there is a need to bring the entire Tamil Nadu under the ambit of this scheme. I would like to reiterate the same through this august House. Respective departments must take up the job themselves and must not go in for contract system. No contractors and middlemen should be there in the implementation of this scheme. It is a welcome aspect that contract system will not be there. I would like to know from the hon. Rural Development Minister as to how they would implement the scheme with departments taking them up directly involving people directly.

In this regard I would like to point out what I had witnessed myself in the 'Food for Work' programme in Melur that come under my constituency. Though the scheme envisages that only local people would be involved and no machines would be utilised, about Rs 98 lakh worth of jobs were undertaken using earth movers like pokline machines. I had verified myself this on my spot visit to monitor the progress. Machines were fully used and engaged to

complete the jobs for the entire allocated funds there. Men were given work only for about Rs 8 lakh worth of job. Manual labour was not resorted to in the 'Food for Work' programme. I would like to record a serious and verified allegation that 'Food for Work' programme in my constituency and in all other constituencies in the entire Tamil Nadu were carried out by the ruling party men and their 'benamis' using earth movers and machines like 'Pokline'. I had taken taken up this with the Union Minister concerned. I had written about this and I am yet to get a reply in this regard. I want a reply about his study of the ground reality there. Thiruvannamalai, Nagapattinam, Cuddalore, Villupuram are the 4 districts that are covered in this NREG Scheme. Even in these 4 districts every development work employs more machines than men thereby depriving people of jobs. There is no involvement of local people, no identification of local beneficiaries and no manual labour.

This NREG Bill is a very good scheme. It is a historical one. For the first time a National Rural Employment Guarantee scheme is conceived to give 100 days of work to the rural poor. Those who have no other livelihood would be greatly benefited by this scheme. In case when guaranteed job is not provided then unemployment allowance would be paid as a compensation under this scheme. I appreciate the Government for this bold and humanitarian initiative. At the same time I would like to express my eagerness to see that this scheme shall be implemented ensuring that the intended beneficiaries get all the benefits of this scheme. There is a monitoring mechanism at Panchayat level and I feel it is not enough and beneficiaries should also be included in the monitoring committees and councils. Machines are not supposed to be used in the completion of jobs pertaining to this scheme. If machines are used then such jobs must be scrapped from this scheme. No funds should be utilised for such deviations. The intended benefits must reach the poor for whom this scheme has been conceived.

Hon. Minister who intervened in this discussion was referring to bank nationalisation. It is true that bank nationalisation has helped the country and our countrymen in many ways. But at the same time public sector banks have also given rise to non performing assets. About 1-1/2 lakh crore of rupees extended as loans could not be recovered. Bigwigs like industrialists and corporates took huge loans and fleeced the PSU banks as NPAs. Why do I point out at this? We have now evolved a very good scheme. We must ensure that all loopholes are plugged and there is no scope for any lacunae. We must ensure that the goals are achieved and the aims are accomplished. We must see that the people at the grass root level reap the benefits of this scheme.

Even 5 year plans, all the ten of them, were aiming high but we could not achieve the target as intended. We are still anguished that the plan schemes did not reach the needy. I want this scheme not to face with such failures. 'Garibi hatao' – 'remove poverty' was a slogan used earlier. This scheme is here to achieve that ideal. So I welcome this Bill on my own behalf and on behalf of CPI(M). The minimum wage rate fixed in this Bill is Rs 60 per day. similarly I find only 200 districts all over the country that have been identified for this scheme. I wish the Government enhances soon the wage and increase the number of beneficiary districts. All the rain-fed, drought-prone districts must come under the ambit of this Act soon. Only then this Bill could accomplish its purpose fully.

With this, I conclude my speech and thank the Chair for the opportunity given.

श्री धर्मेन्द्र प्रधान उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपका आभार प्रकट करता हूं कि आज संसद में इस प्रमुख चर्चा में आपने मुझे बोलने का मौका दिया।

इस बिल का सैद्धान्तिक रूप से सदन पार्टी लेवल से ऊपर आकर समर्थन करता है। हम भी इस बिल का समर्थन करते हैं। विशेाकर मैं भारत के ग्रामीण विकास मंत्री मान्यवर श्री रघुवंश प्रसाद जी को धन्यवाद देना चाहूंगा। मैं जितना जानता हूं, आज रघुवंश बाबू की परिचेटा भारत के गरीब लोगों के लिए एक नये रूप में आई है, इसीलिए हमें रघुवंश जी को बधाई देनी चाहिए। मैं स्टेंडिंग कमेटी के चेयरमैन श्री कल्याण सिंह जी को भी बधाई देता हूं क्योंकि स्टेंडिंग कमेटी से भी यूनेनीमसली व्यू आया था।

स्थायी समिति में यह विाय एक अलग चर्चा का विाय बना था और यूनेनीमसली इस पर व्यूज़ आए थे। मैं भारत के इस परिपक्व गणतन्त्र को धन्यवाद देना चाहता हूं कि आजादी के 58 साल के बाद हम इस महत्वपूर्ण विाय पर चर्चा कर रहे हैं। जिस विाय पर आज हम चर्चा कर रहे हैं, यह समय की मांग भी है। जब भारत का संविधान तैयार हुआ था, उस समय भी इस विाय पर चर्चा हुई थी और रोजगार को मौलिक अधिकारों की श्रेणी में लाने के बारे में कहा गया था। नवम्बर 1949 की संविधान सभा की स्पीच को यदि आप पढ़ेंगे तो देखेंगे कि उस समय के योजना आयोग के डिप्टी-चैयरमैन श्री के.टी. शाह और संविधान सभा के मुखिया बाबा साहब अम्बेडकर जी का यह विचार था कि रोजगार को मौलिक अधिकार की श्रेणी में रखा जाए, लेकिन इसे मौलिक अधिकारों की बजाय डिरेक्टिव प्रिंसीपल्स की सूची में रखा गया। उन दिनों से ही ऐसी मांग लगातार आ रही है और आज यह सपना साकार होता नजर आ रहा है। भारत की संसद इसे पारित करने जा रही है। यदि यह बिल कानून का रूप लेता है तो उन महान नेताओं की आत्माओं को भी आज शांति पहुंचेगी। मैं श्री प्रियरंजन दासमुंशी का भााण सुन रहा था। प्रियरंजन जी ने एक अच्छा भााण दिया और मैं उनसे सहमत भी हूं, लेकिन उनके मन में कुछ खोट है कि कल्याण सिंह जी ने ये प्रश्न क्यों उठाया कि कांग्रेस को 40 वर्षों के पश्चात् यह क्यों महसूस हुआ कि यह एक कानून बनना चाहिए। कल्याण सिंह जी ने एक अच्छा भााण दिया था। उस भााण में उन्होंने कहा था शुक्र है कि कांग्रेस को 40 साल बाद यह ध्यान में आया कि गरीबी को कानूनन हटाना चाहिए। इससे लगता है कि मंत्री जी के मन में कुछ है।...(व्यवधान)

कुँवर मानवेन्द्र सिंह आप गलत बोल रहे हैं।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आप बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

श्री धर्मेन्द्र प्रधान : यदि मैं गलत बोल रहा हूं, तो आप उसमें संशोधन कर लीजिए।...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing should be recorded except Shri Pradhan's speech.

(Interruptions) ... (Not recorded)*

उपाध्यक्ष महोदय : आपकी पार्टी के भी माननीय सदस्यों को भी बोलना है, वे इसका जवाब दे देंगे।

श्री धर्मेन्द्र प्रधान : मेरा यह मानना है कि ऐसे मसले पर राजनीति नहीं करनी चाहिए। मैं उड़ीसा से चुनकर आया हूं। मेरे प्रदेश में आंकड़ों के हिसाब से 47 प्रतिशत लोग बीपीएल कैटेगरी के हैं, लेकिन मेरे हिसाब से सही आंकड़ा 50 प्रतिशत है। इससे मेरे मन में भी पीड़ा होती है क्योंकि मैं एक युवा सांसद हूं और युवा प्रतिनिधि के रूप में आपके सामने आया हूं। मेरे मन में पीड़ा है कि ऐसा क्यों है? हमें इस पर राजनीति नहीं करनी चाहिए, इसीलिए मैंने रघुवंश जी का इस बिल को लाने के लिए आभार प्रकट किया है। यूपीए की अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी ने अपने भााण में कहा था कि 2002 में गुवाहटी में कांग्रेस के मुख्यमंत्रियों की मीटिंग हुई थी और उसमें हमने यह कमिटमेंट किया था कि इस बारे में कोई कानून होना चाहिए। जिस समय एनडीए का शासन था, उस समय देश के कई भागों में अकाल आया था और कांग्रेस शासित राज्यों के साथ भेदभाव किया गया था। राजनीति कौन करता है? मैं आपके सामने कुछ आंकड़े रखना चाहता हूं। उस समय कई प्रदेशों में कांग्रेस का शासन था लेकिन बाद में वह चला गया। मैं सभी का तो उल्लेख नहीं करना चाहूंगा लेकिन राजस्थान के आंकड़े आपके सामने रखना चाहता हूं क्योंकि उन दिनों ज्यादा विवाद इसी राज्य को लेकर हुआ था। मैं जो आंकड़े देने जा रहा हूं वह रघुवंश जी के पास भी हैं, वे भी इन्हें देख सकते हैं। 2002-2003 में राजस्थान की सरकार ने जितना अनाज मांगा था, उतना दिया गया, उस समय राजस्थान को 2,49,000 मीट्रिक टन गेहूं दिया गया था। लेकिन आज जब वहां पर एनडीए की सरकार है तो उन्हें 1,59,116 मीट्रिक टन गेहूं दिया गया cè[MSOffice36]*

---

*Not Recorded

आज वहां बीजेपी की सरकार है और यहां यूपीए की सरकार है। आप देशभर में फूड फार वर्क कार्यक्रम जोरों से चला रहे हैं। पिछले साल के आंकड़े क्या कहते हैं। 2004-05 में एक लाख 60 हजार करोड़ रुपये, उससे पहले साल राजस्थान को 2 लाख 49 हजार करोड़ रुपये मिले। आपने कम किया है या बढ़ाया है? राजनीति कहां हुई, राजनीति किसने की, यह तथ्य बताते हैं। लेकिन आज इन्हें यह कड़वा लगता है।...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please do not disturb him. Please sit down.

... (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing is to be recorded except his speech.

*(Interruptions) ...**

श्री धर्मेन्द्र प्रधान : सोनिया जी ने 2वक्तव्य देते हुए कहा था।...(व्यवधान) जब आप भााण देंगे, उस समय बोलिए। अभी मैं बोल रहा हूं, आप धैर्य से सुनें। हम आपका भााण भी सुनेंगे।...(व्यवधान)

यह कहा गया कि उस समय राजनीति हुई। हम इस बात से सहमत हैं कि राजनीति नहीं होनी चाहिए। ऐसे कहा गया जैसे एनडीए के शासन में देश में गरीबी हटाने का कोई कार्यक्रम हुआ ही नहीं, सब अच्छी चीजें एक परिवार के नेतृत्व में चलने वाली सरकार ने की, और कोई कर ही नहीं सकता। यह ऐसा अहंकार, ऐसा अभिमान रखने वाले लोग हैं। उपाध्यक्ष महोदय, मैं इन्हीं के तथ्य उद्धृत करना चाहूंगा। जेएनयू की प्रोफेसर श्रीमती उत्साह पटनायक 2004-05 के इकोनॉमिक सर्वे कोट करती हैं। उस दिन मार्क्सवादी पार्टी के प्रमुख सदस्य श्री हन्नन मोल्लाह चर्चा कर रहे थे। 2002-03 में भारत सरकार के ग्रामीण विकास के विभिन्न विभागों के, केवल रघुवंश बाबू के विभाग के नहीं, आंकड़े मिलाकर उन्होंने हिसाब लगाया कि एनडीए सरकार में 42 हजार करोड़ रुपये खर्च हुए। ...(व्यवधान) आप सुनिए तो सही। ...(व्यवधान) 2003-04 में 51 हजार करोड़ रुपये खर्च हुए। लेकिन इस साल के बजट के सर्वे में आंकड़े दिखाते हैं कि 2004-05 में 13 हजार 500 करोड़ रुपये खर्च हुए। This is the lowest amount ever given. आप निठा दिखाते हैं, ग्रामीण विकास के लिए आपकी निठा है। यह आपके इकोनॉमिक सर्वे के आंकड़े कहते हैं। अभी प्रिय दा ने दसवीं पंचवर्षीय योजना के बारे में उल्लेख करते हुए कहा कि उसमें आंकड़े तय किए गए थे कि 3 लाख हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे, लेकिन दो-तीन वर्षों में एक लाख करोड़ रुपये खर्च हुए। तीन वर्ा और बचे हैं। आप खर्च कैसे करेंगे, कब करेंगे, यह प्रश्न है। 58 साल की आजादी के

---

*Not Recorded

बाद, मैं बाकी का नहीं कहता, अगर मेरे उड़ीसा में 50 प्रतिशत लोग गरीबी सीमा रेखा से नीचे हैं, तो आपको इसके लिए क्षमा मांगनी चाहिए, आपको सोचना चाहिए कि ऐसी स्थिति क्यों है।

यह कहा गया कि पंचायती राज को एम्पावर किया जाएगा। मैं ज्यादा बातों के बारे में नहीं कहता, लेकिन जब रघुवंश बाबू उत्तर दें तो याद करके इस सदन में बताएं। मैं उनकी बात को कोट करता हूं कि उन्होंने भारत सरकार के अर्थ मंत्री की मंशा पर क्या प्रश्न उठाया था। क्या भारत के अर्थ मंत्री ने तय किया है, उनका मन बना है। इस बिल के बारे में पूरा सदन सहमत है, लेकिन क्या अर्थ मंत्री सहमत हैं, योजना आयोग के उपाध्यक्ष सहमत हैं, भारत के प्रधान मंत्री सहमत हैं? सिर्फ भााण देने से नहीं चलता, काम दिखाना पड़ता है।

मैं एक चीज कोट करना चाहूंगा। पंचायती राज के माध्यम से सारे काम होंगे।...(व्यवधान) इससे नई आशा जगी थी। जब मनमोहन सिंह जी की सरकार बनी, तो एक पंचायती राज डिपार्टमैंट खोला गया। उसके मंत्री श्री मणि शंकर अय्यर हैं। "The Panchayati Raj Minister finally got his staff after 349 days." विभाग का गठन होने के लगभग 350 दिन बाद पंचायती राज विभाग को 133 लोगों का स्टाफ चाहिए था लेकिन 43 मिले। श्री अय्यर क्या कहते हैं, वह प्रमुख बात है। वह देश के पंचायती राज विभाग के मंत्री हैं। सारे कार्यक्रम पंचायती राज विभाग के माध्यम से क्रियान्वयन होने वाले हैं।

> "That is the way the system works. I had repeatedly sent the request for staff to the Cabinet and the Group of Ministers. After everything was sanctioned, it went back to the Finance Ministry" – said Mani Shankar Aiyar[R37]."

महोदय, यह इस सरकार में भारत के पंचायती राज मंत्रालय की स्थिति है, गांवों में क्या होगा? मैं आगे कहूंगा कि यह एक ढोंग है। इस बिल पर किसी को आपत्ति नहीं है, हर कोई चाहता है कि सर्वसम्मति से यह कानून बने, लेकिन क्या इसमें आपकी निठा है? हमें आपकी मंशा पर सन्देह है कि आप इसे लागू करेंगे या नहीं। केवल कानून बनाने से भला नहीं होता है बल्कि कानून को अमल में लाने से होता है। अभी जो भी वक्ता यूपीए की ओर से बोलते हैं, सभी माननीय कल्याण सिंह जी की प्रशंसा करते हैं। श्री कल्याण सिंह जी संसदीय व्यवस्था के प्रतिनिधि हैं, वे स्टैण्डिंग कमेटी के चेयरमैन हैं, वे एक व्यक्ति मात्र नहीं हैं, एक इंस्टीट्यूशन हैं, उनकी प्रशंसा करना, स्टेण्डिंग कमेटी की प्रशंसा करना है। जहां तक मैं जानता हूँ स्टेण्डिंग कमेटी ने देश के तमाम सारे लोगों से चर्चा और संवाद किया, बुद्धिजीवियों और स्वयंसेवी संगठनों से विचार किया और स्टेण्डिंग कमेटी में खुद ही बहुत वरिठ राजनीतिज्ञ और वरिठ नेतृत्व उपस्थित था, उन सभी ने मिलकर एक प्रचेटा की। रघुवंश बाबू, आप इमानदारी से बताएं कि आपने स्टेण्डिंग कमेटी की कितने सिफारिशों को आपने माना है? एक भी नहीं, हाँ आधी बात आपने मानी है हाउसहोल्ड की परिभाा के बारे में आपने पहले कहा था कि इसमें केवल बीपीएल लोग होंगे, जब स्टैण्डिंग कमेटी की रिकमेंडेशन आई तो आपने उसको एक हाउसहोल्ड कहा, लेकिन स्टेण्डिंग कमेटी ने रिकमेंड किया था कि जो कोई भी व्यक्ति, इच्छुक व्यक्ति जो काम के लिए आए, उसे काम दो, क्या आपने ऐसा किया है? आपने एक परिवार से एक व्यक्ति की व्यवस्था की है।

आपने इस बिल के माध्यम से प्रजातंत्र पर भी कुठाराघात किया है। इसके बारे में निर्णय लेने वाली GoM कौन होती है? उपाध्यक्ष महोदय, यह सदन आपका है। स्पीकर इस सदन के मालिक हैं और आप इस सदन के उपमालिक हैं। आपके नेतृत्व में यह सदन इस देश की आम जनता के बारे में चर्चा करती है, स्टैण्डिंग कमेटी उसका एक हिस्सा है। माननीय कल्याण सिंह जी से कई लोग कई बातों को लेकर नाराज रहते हैं, लेकिन इस काम के लिए आज सभी उनको बधाई देते हैं तो मैं उस बधाई के ढोंगपन का प्रश्न आपके सामने उठाता हूँ। क्या आपने स्टेण्डिंग कमेटी की एक भी रिकमेंडेशन को माना है - जी, नहीं। आपने एक भी रिकमेंडेशन को नहीं माना है। यह आपकी नीयत पर सन्देह पैदा करता है, क्या आप वास्तव में इस विाय को लेकर गंभीर हैं? यह बिल एक आधा-अधूरा बिल है, एक आधे मन से लाया गया बिल है। ढोंग-स्वांग किया जाता है कि यह हमारी विरासत है, हम ही गरीबों के ठेकेदार हैं, हम या हमारा परिवार ही उनको भला कर सकता है और कोई नहीं। यूपीए सरकार के कॉमन मिनिमम प्रोग्राम में कहा गया है कि हमें मैण्डेट मिला था, लेकिन मैं कहना चाहता हूँ कि किसी भी गरीब प्रान्त से आपको मैण्डेट नहीं मिला था, आपको कई जगहों से मैण्डेट नहीं मिला था, लेकिन फिर भी आप उसका उल्लेख करते हैं, तो ठीक है, हम उसको भी मान लेते हैं। यूपीए सरकार के कॉमन मिनिमम प्रोग्राम में पेज संख्या 3 कहा गया है :

> "The UPA Government will immediately enact a National Employment Guarantee Act. This will provide a legal guarantee for at least 100 days of employment to begin with on asset-creating public works programme every year at minimum wages for at least one able bodied person in rural, urban poor and lower middle class household. In the interim, a massive food-for-work programme will be started."

महोदय, मैं अर्बन के बारे में नहीं जाना चाहता हूँ क्योंकि इसके बारे में पहले ही बहुत से प्रश्न-उत्तर हुए हैं, लेकिन मैं समाज के युवा वर्ग का प्रतिनिधित्व करता हूँ । आज भारत में कौन मुखर है? वे ही लोग मुखर हैं जो पढ़े-लिखे हैं। अभी माननीय सदस्य ने ग्रामीण क्षेत्र का उदाहरण दिया है। मैं भी ग्रामीण इलाके से आता हूँ। कोई भी मान्यवर सदस्य, कोई भी व्यक्ति यह बताए कि जब कोई नवयुवक बैंक में लोन लेने के लिए जाता है तो क्या बिना कोलैट्रल सिक्योरिटी के उसे लोन मिलता है? क्या कोई पब्लिक सैक्टर बैंक उसे लोन देती है? जी नहीं, कोई नहीं देता है। इस वर्ग के बारे में कमिटमेंट किया गया था कि लोअर मिडिल क्लास के लोगों के लिए भी आप यह व्यवस्था मुहैया कराएंगे। कहां है आपकी वह व्यवस्था? भारत के संविधान में आप परिवर्तन लाने जा रहे हैं, आप एक नयी व्यवस्था तैयार कर रहे हैं, नया कानून ला रहे हैं, तब आप इसे आधे-अधूरे तरीके से क्यों कर रहे हैं। लोअर मिडिल क्लास में भी आप स्किल्ड और अनस्किल्ड लोगों की बात कहते हैं। यह सारी व्यवस्था आपने अनस्किल्ड लोगों के लिए की है। जो आईटीआई पढ़ा हुआ गरीबी का बच्चा है, उसके बारे में आपकी क्या व्यवस्था है? जो मैट्रिकुलेटेड है, उसके बारे में आपने कोई व्यवस्था नहीं की है। यह आधे मन से लाया गया एक बिल है। रघुवंश बाबू, आप काम आधे मन से क्यों करते हैं? आप भी ग्रामीण पृठभूमि के हैं, मैं आपका सम्मान करता हूँ, लेकिन आपका जवाब भी हम समझते हैं। आप इसके लिए पूरी तरह से लड़िए, यह सदन, पूरी संसद, और पूरा देश आपके साथ है। मैं एक विाय को यहां दोहराना नहीं चाहता हूँ, लेकिन मैं जो बात कहता हूं, अपने अनुभव के आधार पर कहता हूँ। चलिए मान लिया कि एक परिवार से एक व्यक्ति का रजिस्ट्रेशन होगा। ह्रद्ध38ट

घर के जो प्रमुख लोग होंगे, वे काम करेंगे। बड़ा ढोल पीटा जाता है कि हम महिलाओं को अधिकार देंगे, हम उनका सशक्तिकरण करेंगे, जैसे महाराट्र में किया है। सोनिया जी कहती हैं कि महाराट्र में महिलाओं का पार्टिसिपेशन बढ़ा है। मैं अपने कांग्रेस के मित्रों को बताना चाहूंगा कि महाराट्र में ईजीएस के कारण महिलाओं का पार्टिसिपेशन नहीं बढ़ा और न ही इसके कारण उनका सशक्तिकरण हुआ है। महाराट्र की सभ्यता और संस्कृति ही ऐसी है, जिसके कारण वहां महिलाओं का सशक्तिकरण हुआ है। उत्तर प्रदेश में पंचायत के चुनावों में कोई व्यक्ति फतवा जारी करता है कि महिलाएं चुनाव नहीं लड़ सकतीं, उनको काम नहीं मिलेगा। यह कोई व्यवस्था नहीं है। मंत्री जी आप बताएं कि परिवार में पुरूा काम करेगा या महिला काम करेगी या फिर बड़ा बेटा काम करेगा या छोटा बेटा करेगा? अगर ऐसा हुआ तो इससे परिवार में कलह पैदा होगी इसलिए आप इस बिल में परिवर्तन करें और स्टेंडिंग कमेटी की रिकमंडेशन को स्वीकार करें। कानून सही है, लेकिन काम किसे मिलना चाहिए, जो इच्छा करे, उसे मिलना चाहिए। नहीं तो इसमें भी भ्रटाचार होगा, बेईमानी होगी और यह कानून भी निर्रथक हो जाएगा। जो अधिकारी बैठेगा, जो तय करेगा कि काम किसे मिले, अगर उसे दस रुपए देंगे, तो वह काम करने के लिए लाइसेंस दे देगा। अगर ऐसा हुआ, तो फिर इस कानून का कोई अर्थ नहीं रह जाएगा। इसलिए यह खतरनाक काम है, हो सकता है आपकी मंशा ठीक हो, लेकिन यह टेक्नीकल चीज है इसलिए इस पर आपको ध्यान देना चाहिए।

इसमें एक और धोखाधड़ी की सम्भावना है, जिसकी मैं आलोचना करना चाहूंगा। भारत में व्यवस्था है कि मिनीमम वेजेज एक्ट 1948 के तहत न्यूनतम मजदूरी देने की व्यवस्था राज्य सरकार करेगी। यहां पर कई वरिठ सांसद बैठे हैं, वे मेरा मार्गदर्शन करेंगे। आपने 1948 के इस एक्ट के तहत मिनिमम वेजेज देने का काम प्रदेश सरकारों को दिया है, क्योंकि इस एक्ट में एप्रोप्रिएट गवर्नमेंट की बात कही गई है। प्रदेश सरकार पर यह काम दिया गया है कि वह इसमें आगे-पीछे कर सकती है और यह भी कहा गया है कि अपने-अपने प्रदेश के प्राइस इंडैक्स को ध्यान में रखते हुए नियम बनाकर मिनिमम वेजेज दे सकती हैं। अगर हम देश के कुछ प्रदेशों के मिनीमम वेजेज का उल्लेख करें, तो असम में 48 रुपए है, छत्तीसगढ़ में 52 रुपए है, हरियाणा में 80 रुपए है, उपाध्यक्ष जी, आपकी प्रांत में 84 रुपए है, कर्नाटक में 46 रुपए है, उड़ीसा में 50 रुपए है, अब 52 रुपए तक कर दिया है। इसी तरह से महाराट्र में 44 रुपए है और केरल में तो 134 रुपए है। रघुवंश बाबू, आप हमें समझाएं कि 60 रुपए कैसे न्यूनतम मजदूरी तय की जाएगी। इसीलिए मैंने कहा कि इसमें धोखाधड़ी होने का अंदेशा है। मेरे मन में इस बात को लेकर शंका है इसलिए मै आरोप लगाना चाहता हूं कि यह भारत सरकार के अर्थ मंत्री की साजिश है कि कानून बनाकर कह देंगे कि कानून बना दिया।

उपाध्यक्ष जी, आप पंजाब से आते हैं। आप जानते हैं कि वहां ईजीएस में फूड फार वर्क कार्यक्रम चलता है। उसकी मिनिमम वेज 80 रुपए है, तो फिर कोई कैसे इसमें 60 रुपए में काम करेगा? जब केरल में 134 रुपए है, तो उसमें जो इतना अंतर है, वह कौन भरेगा, उसकी भरपाई कौन करेगा? इसीलिए मैंने इस पाइंट पर अपनी शंका व्यक्त की है। सीपीएम के नेता बुद्धदेव भट्टाचार्य जी ने भी अपनी चिंता जाहिर की है। प्रदेशों की जो आर्थिक स्थिति है, उसे सब जानते हैं। कोई प्रदेश सरकार इतनी सक्षम नहीं है कि वह इस शेयर का बर्डन वहन करने के लिए तैयार होगी। इसलिए यह एक डयंत्र है, यह एक छलावा है। इससे तो यही लगता है कि न होगा बांस और न बजेगी बांसुरी।...(व्यवधान)

SHRI MADHUSUDAN MISTRY This is not correct. He should not try to mislead the House. He should correct his figures… (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing is to be recorded, except what Shri Pradhan says.

(Interruptions) *

---

*Not Recorded
SHRI DHARMENDRA PRADHAN : He should not interrupt me… (*Interruptions*)

उपाध्यक्ष महोदय : मिस्त्री जी, आपकी बात रिकार्ड में नहीं जा रही है।

श्री धर्मेन्द्र प्रधान : उपाध्यक्ष महोदय, यह वरिठ सांसद हैं और मैं एक छोटा सा आदमी हूं। अगर आप प्रजातंत्र में विश्वास रखते हैं, तो मेरी बात सुनें। महाराट्र में क्या किया गया, वह मैं बताना चाहूंगा। ...(व्यवधान) आपसे हम सीखना चाहते हैं और आप हमें बीच में टोक रहे हैं।...(व्यवधान)

SHRI MADHUSUDAN MISTRY : I am not interrupting him. I am trying to correct his figures… (*Interruptions*[r39])

श्री धर्मेन्द्र प्रधान : मिस्त्री जी, जब आपकी बारी आयेगी, तब आप बोलिए।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Pradhan, you should address the Chair, and not to any individual Member.

श्री धर्मेन्द्र प्रधान : इसलिए हमारे मन में यह आशंका है ...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : मिस्त्री जी, आपकी पार्टी से बहुत लोग बोलने वाले हैं, इसलिए अभी आप बैठ जाइये।

...(व्यवधान)

श्री धर्मेन्द्र प्रधान : उपाध्यक्ष जी, इस सभा में कई प्रकार की व्यवस्था है। अगर हम गलत बोले होंगे तो हमें संशोधित किया जा सकता है। लेकिन अगर इनकी मंशा माननीय रघुवंश बाबू को .....* तो यह अलग बात है, यह अंदर की बात है, हम कुछ नहीं कहना चाहेंगे। ...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: It is not to be recorded.

(Interruptions) *...

उपाध्यक्ष महोदय : मिस्त्री जी, जो आप बोल रहे हैं वह रिकार्ड नहीं हो रहा है।

...(व्यवधान)

श्री धर्मेन्द्र प्रधान : वर्ा 2004-2005 में 1000-500 करोड़ रुपया देना है।...(व्यवधान) *

उपाध्यक्ष महोदय : ये शब्द कार्यवाही से निकाल दो।

श्री धर्मेन्द्र प्रधान : हम माननीय रघुवंश जी के सामने वेजिज के बारे में एक तथ्य रखना चाहेंगे।

उपाध्यक्ष महोदय : आप आप समाप्त कीजिए। You have already taken 22 minutes.

---

*Not Recorded

श्री धर्मेन्द्र प्रधान : पांच मिनट में समाप्त करता हूं। एक विाय पर हम कहना चाहते हैं। Are they serious about this Bill? मैं बीच में एक अमेंडमेंट लाया। आपने कहा कि हम पांच अमेंडमेंट लाएं। मैं आपको एक अमेंडमेंट पढ़कर सुना रहा हूं। Amendment No. 33, Page 11, after line 6 आपने यह जोड़ा :

> "(2) Without prejudice to the provisions of sub-section (I), the Central Government may, on receipt of any complaint regarding the issue or improper utilisation of funds granted under this Act in respect of any Scheme if *prima facie* satisfied that there is a case, cause an investigation into the complaint made by any agency designated by it and if necessary, order stoppage of release of funds to the Scheme and institute appropriate remedial measures for its proper implementation within a reasonable period of time."

यह बड़े आश्चर्य की बात है कि सरकारी क्षेत्र के बड़े-बड़े उद्योग बंद होते चले जा रहे हैं अथवा निजी क्षेत्रों को दिये जा रहे हैं। यदि देश में रोजगार के अवसर बढ़ाने हैं और ज्यादा से ज्यादा लोगों को काम देना है तो उसका एक ही मार्ग है, हमें ऐसे उद्योगों को प्रोत्साहित करना होगा, जहां ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार मिल सके। तकनीकी रूप से इस योजना में इतने पेंच हैं कि इसे पूरे देश में लागू करना मुश्किल हो जायेगा। इसका जो स्वरूप बन रहा है, वह मूल परिकल्पना के अनुरूप नहीं है। केन्द्र सरकार इसमें राज्य सरकारों की भागीदारी भी लेना चाहती है, लेकिन राज्य सरकारें कहां से पैसा देंगी। हमारा कहना है कि गरीब परिवारों के सभी वयस्क बेरोजगारों को पूरे दिनों का रोजगार मिलना चाहिए।

सरकार को संसदीय समिति की सिफारिशों का पालन करना चाहिए तथा योजना को सार्वभौमिक रूप से लागू किया जाए। बी.पी.एल. परिवारों के एक सदस्य को सौ दिन के रोजगार की गारंटी देने की बजाय परिवार के सभी सक्षम सदस्यों को रोजगार दिया जाए। इसे चार साल की निश्चित अवधि में लागू करने का प्रावधान हो। योजना का शत-प्रतिशत वित्तीय भार केन्द्र सरकार वहन करे। बेरोजगारी भत्ते की दर बढ़ाई जाए और इसका बिना शर्त भुगतान हो। नियोजन गारंटी में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्गों को प्राथमिकता दी जाए। रोजगार गारंटी योजना एक अच्छा कदम साबित हो सकती है, यदि इस पर सभी तरीके से अमल हो। आपने मुझे अपनी बात सदन में रखने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।

---

* Speech was laid on the Table.

प्रो. महादेवराव शिवनकर माननीय सभापति जी, मैं जो भी मुद्दे पेश करने जा रहा हूं, वे सभी नए हैं। वास्तविक रूप से इस बिल के संबंध में सारे देश में एक चर्चा हो रही है, मगर जिस प्रकार से गरीबी हटाओ की घोाणा का इस देश में जो नतीजा निकला, मुझे लगता है कि इस बिल के द्वारा उसी प्रकार के परिणाम टोटल फेल्यूअर निकलेंगे। यह बिल बालू की भीत और पवन का खम्भा साबित होगा। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि जैसा इस बिल के बारे में कहा गया है, यह बिल कुल-मिला कर उसका विरोधी है। यह बिल देखने के बाद मुझे यही लगता cè[i98]*

सभापति जी, मैं महाराट्र से आता हूं। मुझे मालूम है कि इसमें महाराट्र का भी पूरा अनुकरण नहीं किया गया है। मुझे ऐसा लगता है कि बिहार के चुनाव को ध्यान में रखकर इस बिल को जल्दी लाकर राजनीतिक हवा तैयार करने का काम किया जा रहा है। इस विधेयक के वित्तीय ज्ञापन में लिखा है कि किसी निर्धन गृहस्थ पर, वित्तीय वर्ा में 10 हजार रुपए व्यय होने का अनुमान है। इसका मतलब यह है कि एक परिवार के एक व्यक्ति को रोजगार देने के लिए आप 10 हजार रुपए व्यय करेंगे, लेकिन जहां आपने इसमें न्यूनतम मजदूरी देने की बात लिखी है वहां लिखते हैं कि आप एक व्यक्ति को एक दिन में 60 रुपए देंगे। इसका मतलब यह हुआ कि आप एक व्यक्ति को एक वर्ा में 100 दिन काम देंगे और उस पर 6000 रुपए खर्च करेंगे। यदि आप वित्तीय ज्ञापन में लिखी बात और न्यूनतम मजदूरी में लिखी बात, दोनों की तुलना करें, तो जो 4000 रुपए का अन्तर है, वह अप्रत्यक्ष रूप से, नौकरशाहों के हाथ में जाएगा, इससे ऐसा निर्का निकलने की सम्भावना है।

सभापति जी, वित्तीय ज्ञापन में माननीय मंत्री जी ने लिखा है कि इस व्यवस्था पर रु.38,600 करोड़ रुपए व्यय होंगे। उसमें 34,400 करोड़ रुपए की व्यवस्था केन्द्र सरकार करेगी और इस योजना को आप 200 जिलों में लागू करने वाले हैं। जिन 200 जिलों में आप इस योजना को लागू करेंगे, उनकी सूची घोाित की जाए ताकि पता लगे कि वे कौन-कौन से जिले हैं। आपका फूड फॉर वर्क प्रोग्राम 150 जिलों में चल रहा है। उसमें आप 50 जिले और जोड़ देंगे। इससे मुझे ऐसा लगता है कि फूड फॉर वर्क प्रोग्राम जिन 150 जिलों में चल रहा है, उस योजना का नाम परिवर्तित कर के इस योजना का नाम रख दिया जाएगा और यह कार्यक्रम उन्हीं जिलों में चलेगा। ऐसा ही कांग्रेस के समय में पिछले 50 सालों से होता रहा है। पुरानी योजनाओं को ही नए नामों से पुनः चला दिया जाता है। इसलिए जिन 200 जिलों में यह योजना लागू होनी है उनका खुलासा करने की आवश्यकता है।

महोदय, देश में राट्रीय सम-विकास योजना के अन्तर्गत 115 जिले लाए गए हैं। देश में 35 नक्सलाइट जिले हैं। मुझे ऐसा लगता है कि इस प्रकार 150 जिले इस योजना में वे ही आने वाले हैं जिनमें ये योजनाएं पहले से ही चल रही हैं। ...(व्यवधान)

महोदय, मैं नए पाइंट प्रस्तुत कर रहा हूं। मैंने 9.20 बजे शुरू किया था और अभी केवलमात्र 2 मिनट ही हुए हैं। मैं दो मिनट में समाप्त कर दूंगा।

महोदय, इसमें लिखा है कि कम से कम 50 श्रमिक उपलब्ध होने चाहिए, वहां इस योजना को लागू किया जाएगा और 5 किलोमीटर इस नियोजना का एरिया होगा। इसका मतलब यह है कि एक आदमी 5 किलोमीटर भटकेगा तब एक परिवार के एक आदमी को आप रोजगार देंगे और वह भी पुरुा को देंगे या स्त्री को देंगे, यह स्पट नहीं है। एक आदमी की पंचायत छोटी है, एरिया छोटा है, तो उसे पहले 5 किलोमीटर भटकना पड़ेगा, फिर उसे 50 आदमी इकट्ठे करने पड़ेंगे, तब आप उसे रोजगार देंगे। यदि छोटा गांव और छोटी पंचायत है, तो वह 50 आदमी कैसे इकट्ठे करेगा, इस बारे में कोई स्पट नहीं किया गया है। इसके अलावा एक वर्ा में केवल 100 दिन कम देने का ही प्रावधान है।

महोदय, आपने इसमें लिखा है कि यदि काम करते हुए किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है, तो आप 10 हजार रुपए देंगे।

ग्रामीण विकास मंत्री (डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह) : अब उसमें संशोधन कर के 10 हजार रुपए के स्थान पर 25 हजार रुपए कर दिए गए हैं।

प्रो. महादेवराव शिवनकर : ठीक है, लेकिन हमारे यहां महाराट्र में कोई व्यक्ति बाढ़ से मर जाता है, तो उसे 1 लाख रुपए मिलते हैं। रेलवे एक्सीडेंट में 1 लाख रुपए से भी ज्यादा मिलते हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि इस योजना के तहत जब कोई आदमी काम करते हुए मरता है, तो उसे 1 लाख रुपए देने का प्रावधान क्यों नहीं किया गया है ? मेरा सुझाव है कि इस योजना के

तहत काम करते समय यदि किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है, तो उसके परिवार वाले को कम से कम 1 लाख रुपए देने का प्रावधान होना चाहिए।

सभापति जी, मंत्री जी ने अपने प्रारम्भिक भाण में कहा था कि इस योजना को पूरे देश में 5 वर्ा में लागू करेंगे। पहले साल जो पैसा लगेगा वह 16700 करोड़ रुपए होगा। क्या आपने इस पैसे का प्रावधान किया है ? आपने वित्तीय ज्ञापन में कहा है कि इसमें से कुछ पैसा केन्द्र सरकार का अनुदान के रूप में होगा। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Please conclude.

...(व्यवधान)

प्रो. महादेवराव शिवनकर : मैं आपकी मार्फत, मंत्री जी के ध्यान में लाना चाहता हूं ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Please conclude. If you do not conclude within time, I would not be able to complete it before 12 o' clock. There are still 20 more speakers.

PROF. MAHADEORAO SHIWANKAR : Sir, I am going to conclude within one minute.

MR. CHAIRMAN: If you will not cooperate, we sill stop it here[rpm99].

MR. CHAIRMAN : Please conclude.

PROF. MAHADEORAO SHIWANKAR : This is my last point. मैं आपको बता रहा था कि इसमें आपने सुधार किया, इसके वित्तीय ज्ञापन में कहा गया है कि हम लोन लेंगे, अनुदान लेंगे, यह लोन और अनुदान कहां से आयेगा? क्या प्लानिंग कमीशन के बाहर यह सारा काम होने वाला है? अगर प्लानिंग कमीशन के बाहर लोन और अनुदान का काम होगा तो इस बिल का क्या होगा? इसलिए यह सब संदेहास्पद है। इसमें 40 हजार करोड़ रुपये का आप प्रावधान करते।

MR. CHAIRMAN: There is a limit.

प्रो. महादेवराव शिवनकर : न्यूनतम मजदूरी के सम्बन्ध में अलग-अलग प्रान्तों में अलग-अलग मजदूरी है। आपने ही 35 रुपये से 150 रुपये तक बताई है। यह सच है। मेरे पास चार्ट है, लेकिन मैं उसमें जाना नहीं चाहता। मगर प्रान्तों में न्यूनतम मजदूरी की दर क्या होगी, 60 रुपये होगी या बंगाल में जो मजदूरी है, बंगाल की मैं पढ़कर बताता हूं। मेरी बांयी तरफ के लोग जो इनकी मदद कर रहे हैं, उनकी बंगाल की मजदूरी जरा सुन लीजिए। पश्चिम बंगाल में मजदूरी 62 रुपये है और केरल में 150 रुपये है तो क्या केरल की मजदूरी आप कम करने जा रहे हैं? मैं माननीय मंत्री से चाहूंगा कि इसके बारे में जानकारी दें और इन सारी बातों पर विचार करके इसमें सुधार करें।

MR. CHAIRMAN: Please conclude.

प्रो. महादेवराव शिवनकर : यह बिल लोगों को धोखा देने वाला है। यह बिल गरीब लोगों को धोखा देगा। जिस प्रकार से गरीबी हटाओ का हाल हुआ, ग्रामीण विकास मंत्री जी, उसी प्रकार से आपके इस बिल का नतीजा होगा, इसलिए सतर्क होकर इस पर आगे काम कीजिए।

श्री तुकाराम गणपतराव रेंगे पाटील सभापति महोदय, मैं शिवसेना की ओर से नेशनल रूरल एम्पलायमेंट गारण्टी बिल, 2004 का स्वागत और समर्थन करता हूं।

आज गांवों की जो समस्या है, उसमें गांव के लोग मजदूरी के लिए शहरों में जाते हैं, इससे शहरों में समस्याओं का निर्माण होता है। यह बिल पारित होने के बाद गांव का मजदूर गांव में काम करेगा और गांव से लोगों का जो पलायन होता था, वह पलायन नहीं होगा और गांव की बस्ती बची रहेगी। गांवों के लोगों के लिए और ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए यह बिल महत्वपूर्ण है। लेकिन इस बिल में जो प्रावधान किये गये हैं, जो मजदूरों को 100 दिन की मजदूरी देने का प्रावधान है, उसे 100 दिन की बजाय कम से कम 200 दिन तो मजदूरी देना जरूरी है। दूसरे, इस देश की जो समस्या है, मजदूरों को तो कहीं भी मजदूरी मिल जाती है, वह कहीं भी मजदूरी करके पेट भरता है, लेकिन सही समस्या सुशिक्षित बेरोजगारों की है, जो पढ़े-लिखे हैं, ग्रेजुएट हैं, पोस्ट ग्रेजुएट हैं या तरुण, नौजवान, नवयुवक हैं, उनको देहातों में, गांवों में काम नहीं मिलता। उनको सरकारी दफ्तर में नौकरी नहीं मिलती, यह जो विधेयक बना है, इसमें एक चैप्टर बढ़ाना जरूरी है। एक चैप्टर बढ़ाकर कुछ सैक्शन उसमें ऐसे बनायें ताकि जो सुशिक्षित बेरोजगार देहात में, गांवों में बसे हुए हैं, उन नौजवानों को नौकरी देने का, रोजगार देने का इस बिल में अगर प्रावधान किया तो इसका बहुत जोरों से स्वागत हो जायेगा।

दूसरे, ग्रामीण क्षेत्र में तो खेती से ही एम्पलायमेंट जैनरेट हो सकता है, दूसरा इसमें कोई रास्ता नहीं है, इसलिए इसमें मैं कुछ सुझाव देना चाहता हूं। इसमें जो डैफीनिशन बनाई है, यहां जो व्याख्या बनाई है, वह हाउस होल्ड की व्याख्या यहां जरूरी नहीं है। सरकार एक फैमिली में एक गृहस्थ को काम दे।...(व्यवधान) मैं भाण नहीं कर रहा हूं, मैं सुझाव दे रहा हूं। इसमें मेरा सुझाव है कि इसमें फैमिली की डैफीनिशन करनी चाहिए। फैमिली में पति-पत्नी और अनमैरिड चिल्ड्रन, उनका उसमें समावेश करना चाहिए और फैमिली में से एक गृहस्थ को काम देने का इसमें प्रावधान करना चाहिए।

महोदय, मैं भाण नहीं दूंगा, मैं केवल सुझाव ही दूंगा।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : The time is reduced to three minutes to each Member. Your time is over now. Please conclude.

Shri Adhir Chowdhury.

श्री तुकाराम गणपतराव रेंगे पाटील : यहां एम्प्लायमेंट सैन्ट्रल काउंसिल बनायी गयी। मैं सैक्शन 13 के तहत...(व्यवधान) *The National Rural Employment Guarantee Bill 2004

Points of Debate

1. This Bill is useful for the Rural People
2. To provide 200 days employments to poor household
3. In this Bill there is no provision to provide employments to Educated unemployed Students
4. 70% peoples are living rural area and they are working in agriculture field
5. Agriculture is main source to generate the Employment in Rural area
6. Provision is necessary to amend this act. Schemes under this act may be implied on Private land.
7. I am suggesting some amendments.

Section –2 (f) Definition of Household

Instead of Household there must be use of word family and family may be defined or consist of husband, wife and minor child

Section – 4 Sub-Section (2) the State Governments shall publish the summary of the schemes made by atleast local news paper

It is difficult and takes more time so this clause may be removed and schemes may be published on village panchyat board or published by beating drum in villages

Section – 10 (1) Central Employment Guarantee council. There is no mention of office bearer period council.

Section –13 (1) Standing committee at District level. There is no provision who is the Chairman of the standing committee

But in Section – 32 (1) Power of sate Government to make Rules

(d) The Number of members of Standing Committee at District level and there Terms and condition of their appointment under sub Section (13)

So, I suggest that MP of that District Must be a Chairman of the District level Standing Committee these amendments may be accepted

---

... This part of the speech was laid on the Table.

Section 22(1) Funding Pattern of Central Government 90% state Government Share 10% but till today amendment not circulated

Section –23(6) The program officer shall enter every compliant in the register maintained by him and shall dispose off the disputes and complaints with in 7 days of it receipt. And in case it relates to matter to be resolved by any other authority it shall be forwarded to such authority under intimation to the complainant.

In this clause it is necessary to add one line

"Who files false and bogus complaint is liable to be prosecuted or penalties may be impose on him.

Schedule 1

Section – 4(3)

Minimum Features or a Rural Employment Guarantee Scheme

1. The focus of the scheme shall be on the following works in their order of priority

Serial No. 1 to IX

VIII – Rural connectivity to provide all-weather access

It may be added rural road repairing work and two other priority works may be added:

X Horticulture Plantation on any farmer's field who filed an application before the concerned authority for plantation.

XI Any farmer deposited State's share with the collector all schemes may be implemented on the private field (land) under this act.

9. The cost of material component of projects including the wages of the skilled and semi skilled workers taken up under the scheme shall not exceed 40% of the total project cost.

To maintain the quality of the work there must be 60% instead of 40% of the mentioned project cost.

Schedule – II

6. One third of the beneficiaries shall be of women. Add "If the one third proportion not available then scheme will be implemented through available labour".

12. Employment shall be provided within a radius of 5 Kms need amendment of 3 Kms instead of 5 Kms for convenient mobility of labour.

Hours of work: 7 Hrs.

13. Instead of 50 nos of labour amendment required for 10 nos.

26. persons employed under this scheme if disabled or mortality then compensation amount of Rs 10000/- needs amendment of Min Rs. 50000/-*

MR. CHAIRMAN: Whatever you speak now will not be on record. Please take your seat.

(Interruptions) *

MR. CHAIRMAN: Shri Adhir Chowdhury, you speak now.

श्री अधीर चौधरी (बरहामपुर, पश्चिम बंगाल) : महोदय, मैं सदन का ज्यादा समय नहीं लूंगा और दो-चार बिंदुओं पर ही बोलकर समाप्त करूंगा।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Shri Adhir Chowdhury, please speak.

… (*Interruptions*)

SHRI ADHIR CHOWDHURY: Sir, how can I speak unless he stops?… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: You may speak.

… (*Interruptions*)

श्री अधीर चौधरी : महोदय, यह एक ऐतिहासिक विधेयक है।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Nothing will go on record now. Why do you make noise?

(Interruptions) *

---

*Not Recorded

MR. CHAIRMAN: There are 20 speakers more. Mr. Adhir Chowdhury, you speak.

श्री अधीर चौधरी : महोदय, यह एक ऐतिहासिक विधेयक है। उदारीकरण और बाजारीकरण के साथ-साथ कृ ि की ग्रोथ में भी स्थिरता आयी है। आज कृि में रोजगार बढ़ा नहीं। यदि हम 80 के दशक को देखें तो उस दशक में हिन्दुस्तान की जीडीपी ग्रोथ 5.2 प्रतिशत थी और रोजगार की ग्रोथ 2.78 प्रतिशत थी।...(व्यवधान) 90 के दशक में जीडीपी की ग्रोथ 6.78 प्रतिशत थी और रोजगार की ग्रोथ 1.07 प्रतिशत थी। जीडीपी बढ़ने का मतलब यह नहीं है कि रोजगार भी बढ़ रहा है। जीडीपी का रोजगार बढ़ने से कोई संबंध नही होता है। उसके लिए सात

बिलियन मेंडेज़ की जरूरत होती है। हमें इस विधेयक की भावना को समझना चाहिए कि गांव में बेरोजगारी और अंडर एम्पलायमेंट क्यों बढ़ रहा है। यह बिल उस सरप्लस लेबर को एब्ज़ारब करने के लिए लाया गया है। साथ ही साथ potential labour intensive development programme भी बनाने की कोशिश की जा रही है।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Please conclude.

श्री अधीर चौधरी : इससे जो एब्जोरप्शन होगी, वह मेन-स्ट्रीम मे लाने में सहायता देगी।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Mr. Adhir Chowdhury, your time is over. Please conclude now.

श्री अधीर चौधरी : मैं दो-तीन बिंदुओं पर अपने विचार प्रकट करना चाहूंगा। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: More than a dozen Members have spoken from your party. Please take your seat.

Shri Tufani Saroj, you speak now.

श्री अधीर चौधरी : रघुवंश प्रसाद जी एक काबिल मंत्री हैं। मैं उनसे दो-तीन प्रश्न पूछना चाहता हूं।...(व्यवÉvÉÉxÉ[MSOffice100])

वह गांव की कोई ग्राम पंचायत नहीं करेगी, उसकी योजना जिला परिद बनाएगी।...(व्यवधान)

50 प्रतिशत काम कराने की लिबर्टी दी गई है, लेकिन आप जिला परिद को कोई डिसक्रिशनरी पावर नहीं दे रहे हैं।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Shri Chowdhary, there are so many speakers who have spoken from your side. Please take your seat now.

... (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Nothing will go on record now.

*(Interruptions) *)*

MR. CHAIRMAN: Shri Tufani Saroji, you can speak.

... (*Interruptions*)

श्री तूफानी सरोज माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे महत्वपूर्ण बिल पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Shri Chowdhary, please be seated. I am saying this in your own interest.

... (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Mr. Minister, if you do not control your Members, it will not be possible to conclude this debate. How can we finish all these speeches today, if they go on like this?

... (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: We are forced to extend the Session also. Please ask him to resume his seat.

... (*Interruptions*)

श्री तूफानी सरोज : यह सत्ता पक्ष के सदस्य हैं और आसन की बात नहीं मान रहे हैं।...(व्यवधान)

माननीय मंत्री जी जब विपक्ष में हुआ करते थे, तो हम इनका भाण बड़े ध्यान से सुना करते थे। ये गांव, गरीब, झोंपड़-पट्टी की बातें करते थे। भाण के दौरान जब डिबरी शब्द का उपयोग करते थे, उस वक्त सदन में ऐसा लगता था कि इन्होंने गांव के गरीब लोगों को सही तरीके से रखने का काम किया। मैं मंत्री जी का ध्यान इस बात की ओर आकर्ति करना चाहता हूं कि 60 रुपये की मजदूरी से गरीब लोग डिबरी में तेल डालकर अपने बाल-बच्चों को शिक्षा-दीक्षा नहीं दे सकते। इसलिए मेरा सुझाव है कि 60 रुपये की मजदूरी को बढ़ाकर कम से कम 75 रुपये कर दिया जाए।

*Not Recorded

सौ दिन रोजगार की बात कही गई है। यदि 365 दिन में से 100 दिन ही रोजगार होगा तो वे बाकी के 265 दिन क्या करेंगे। मैं मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि अन्य मदों से कटौती करके इस मद में बढ़ोतरी करें और सौ दिन की जगह कम से कम 183 दिन के रोजगार की व्यवस्था की जाए, यानी उनको साल में छः महीने रोजगार दिया जाए। मैं चाहूंगा कि इसमें संशोधन किया जाए।

मैं मंत्री जी का ध्यान उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल की तरफ दिलाना चाहता हूं जहां रोजगार का कोई सृजन नहीं है। लोग कोलकाता, मुम्बई और अन्य शहरों में रोजी-रोटी के लिए जाते हैं। डेढ़ सौ गांवों के अंदर उत्तर प्रदेश से जो 15 गांव लिए गए हैं, वाराणसी, जौनपुर और गाजीपुर जनपदों से जो पचास गांव लेने हैं, उसमें समायोजित करने का अनुरोध करता हूं।

श्रीमती नीता पटैरिया माननीय सभापति जी, सरकार की ओर से एक अच्छी पहल हुई और एक महत्वपूर्ण बिल आया जिससे बेरोजगार युवाओं में एक उत्साह की लहर और आशा की किरण जागी। लेकिन बिल आने के बाद ऐसा लगा कि यह अधूरा उपाय है जो जल्दबाजी में तैयार किया गया क्योंकि अगर हम महिलाओं की बात करें, तो ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं पढ़ी-लिखी नहीं होतीं। इसमें कहा गया है कि पहले महिलाएं हों या पुरुा हों, आवेदन देना है। यदि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं आवेदन लिखने जाएंगी तो उन्हें उसमें भी पैसे देने पड़ेंगे। ग्रामीण गरीबों को रोजगार की गारंटी मात्र छलावा है। ग्रामीण सौ दिन रोजगार बाकी दिन बेरोजगार, न गारंटी न रोजगार। लेकिन सरकार ने इस बिल को बेरोजगारी और गरीबी के खिलाफ जंग की तरह ठोस कदम बताया cè[R101]*

हम भी यही आशा करते हैं कि यह ठोस कदम साबित हो क्योंकि अभी तक केन्द्र सरकार की जो योजनाएं बनीं, वे निचले स्तर पर सही रूप से क्रियान्वित नहीं हो पाईं और वे फेल हो गयीं। बचपन से हम एक नारा सुनते चले आ रहे हैं कि गरीबी हटाओ। लेकिन गरीबी नहीं हटी और बढ़ती चली गयी। इसका कारण है कि जब तक गरीबी बढ़ती रहेगी तब तक बेरोजगारी नहीं हटेगी और तब तक बेरोजगारी नहीं हटेगी जब तक सरकार रोजगार के अवसर सृजित नहीं करेगी और बेरोजगारों को रोजगार के अवसर उपलब्ध नहीं करायेगी।

सभापति जी, सरकार परिवार में एक व्यक्ति को 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराने की गारंटी देने की बात कर रही है और जिन्हें रोजगार नहीं दे पायेंगे, उन्हें रोजगार भत्ता देने की बात कर रही है। आप सभी स्वयं बतायें कि क्या 100 दिन में पूरे परिवार का भरण-पोाण इस महंगाई के युग में हो सकता है। आज हमारे हिन्दुस्तान में बेरोजगार युवा काम करने को तैयार खड़े हैं लेकिन उनके पास काम करने के लिए रोजगार के कोई अवसर नहीं है। सरकार उन्हें रोजगार उपलब्ध करा पाने में अपने आप को अक्षम महसूस कर रही है। वह इसमें असफल है।

प्रसिद्ध अर्थशास्त्री श्री ज्योति घोा ने कहा कि 100 दिन काम देने के लिए 35 से 40 परसेंट लोगों का अगर चयन किया जाता है तो 5700 करोड़ रुपये की राशि उनको देने के लिए चाहिए। मैं मंत्री जी और सरकार से जानना चाहती हूं कि यह 5700 करोड़ रुपये कहां से आयेंगे ? इस योजना में यदि देश के 200 जिलों को इसमें शामिल करने की बात की गयी है, तो बाकी जिलों के साथ भेदभाव क्यों किया जा रहा है ? एक तरफ आदरणीय मंत्री जी कह रहे हैं कि राज्य में फंड की कमी नहीं होने दी जायेगी। यदि केन्द्र सरकार के पास धन की कमी नहीं है, तो 200 जिले ही क्यों, देश के 600 जिले या जितने जिले हैं, उन सबमें एक साथ यह योजना लागू की जाये। इसके साथ-साथ 100 दिन काम करने के बदले वे लोग 265 दिन बेरोजगार हो जायेंगे, तो सरकार के पास उन बेरोजगारों और उनके परिवार के लिए क्या योजना है ? आप गरीब और अमीर जिलों में कैसे अंतर कर पायेंगे ? इसके लिए आपका मापदंड क्या है, यह भी आप बताइये?

सभापति महोदय, राज्य सरकार के द्वारा अंश राशि दी जायेगी। क्या आपने राज्य सरकारों से इस विधेयक को लाने की चर्चा की है ? क्या राज्य सरकारों की वित्तीय स्थिति ऐसी है कि वह अपनी अंश राशि उसमें दे पायेंगी ? जो राज्य सरकार अपनी अंश राशि नहीं दे पायेगी, वहां अपने आप ही यह योजना विफल हो जायेगी। बेरोजगारी भत्ता देने भर से बेरोजगारी दूर नहीं हो सकती। जब तक हमारे यहां लघु और कुटीर उद्योग जो बंद हो गये हैं, उन्हें पुनर्जीवित करके बेरोजगारों को रोजगार न मिल सके। मात्र एक कृपांक अंक मिले जैसे छात्रों को कृपांक अंक दिया जाता है वैसे ही एक मिनट हम आपकी कृपा के रूप में चाहते हैं।

ग्रामीण एवं शहरी बेरोजगारों में आपने भेद कर दिया है जबकि बेरोजगारों की एक ही भावना है, एक ही कठिनाई है। मेरा कहना है कि शहरी और ग्रामीण बेरोजगारों में भेद न करके, दोनों बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराया जाये जिससे हमारा देश आगे बढ़े, खुशहाल बने। देश में काफी समय से किसानों और कृाि, दोनों की उपेक्षा हुई है जिस कारण किसान का ध्यान कृाि से हट गया है। वह कृाि करने की बजाय शहरों की ओर पलायन करने लग गये हैं। यदि गांव में किसान और कृाि, दोनों को समृद्ध बनाया जाये, दोनों की ओर ध्यान दिया जाये, तो ग्रामीण क्षेत्रों में जो ग्रामीण बेरोजगार हैं, उन्हें अपने आप काम भी मिलेगा और किसान भी समृद्ध होगा और फसल भी अच्छी होगी।

अंत में, मैं एक बात कहना चाहूंगी कि जहां आपने देश के 200 जिलों को इसमें लिया है, वहीं मध्य प्रदेश में काफी समय से सूखा, बाढ़ और इल्लियों का प्रकोप है। वहां फसल खराब होने से बेरोजगारी बढ़ रही है। आप मध्य प्रदेश को पूर्णतया शामिल करें।

MR. CHAIRMAN : Hon. Member, please cooperate. Now the time is 9.45 p.m. I know, you would not conclude yourself, that is why I am appealing like this.

SHRI B. MAHTAB Respected Deputy Speaker Sir, I stand here to discuss about the Rural Employment Guarantee Bill today. At the outset I must say that people in this country have a love-hate relationship with mathematics, a favourite school subject for some, but just a bad memory for many others.

Mathematics is cold and calculative. There is no grays. It is always black and white.

Still a large number of people say mathematics is their favourite.

Raghuvansh Babu is a student of Mathematics.

I don't know whether he is cold but all of us know he is calculative.

The Government is going to offer 100 days of employment a year to one member from 'every' rural household. 'Poor' being amended by the 'advice' of the Left. However, in practice, the programme would automatically screen out the non-poor, since only minimum wages are to be

paid. Only the bottom 31 percent of the rural population spend less than Rs. 380 per capita per month in 2003, the average annual household expenditure for the group as a whole being Rs. 18375/-.

I hope being a Master in Mathematics the Minister can find out who is having the last laugh?

I come to my second point, now. As all of us are aware that the rural population in 2006 is estimated to be 79.83 crores. This would put the number of "poor" rural household in the country at 4.95 crores.

Providing employment at the rate of Rs. 60 per day for 100 days in a year would entail an expenditure of less than Rs. 30000 crores in the whole country.

So far so good.

For the benefit of the rural folk.

---

* Speech was laid on the Table.

But the question which still remains unanswered are –

(a) as the State Council shall prepare a list of preferred works for different areas, there is no specific time period mentioned to prepare the Project Report; there by making it only open ended but also leave scope for complacency.

(b) The Standing Committee had recommended that Fifth Schedule and Sixth Schedule areas in the country which are the most backward and people residing there are the poorest, should be included in the first phase.

You have added 50 more districts to the 150 most backward districts. These districts were chosen on 3 criterion - specified by the Planning Commission to take up National Food for Work Programme.

Yet, some Districts were left out. Orissa though had 18 districts included, still 10 more qualified districts are yet to be included.

Tell us, have you included the rest 10 districts of Orissa in those 200 districts or not in this first phase?

(c) Thirdly, what mechanism you want to formulate to plug loopholes, which has given rise to corruption? Is CAG competent to verify the disbursement of wages, under this Bill. If not, are you going to make provisions for this? So that stringent action can be taken against the officials, who are in charge of this scheme.

(d) Further, as durable assets are to be created by this scheme, no where did I find in the Bill that the Government is interested to find out the quality of work is to be measured. NO attempt is there to fix parameters for various schemes or works nor any central evaluation and monitoring mechanism is envisaged.

If this is the case, why would one not believe that thousands of crores of rupees will go down the drain?

Raghuvansha Babu, as Ph. D in Mathematics you are aware that there is only one right answer to a question. But you are also a master politicians from vaishali too and you know, there is never only one right answer to one problem.

I admire you for the deft footwork you have done to bypass the Oxford and Harvard boys. Yet a lot more is necessary to be done to overcome corruption.

One should not forget that the Planning Commission has stated that the National Rural Employment Guarantee Scheme would not need more than Rs. 13 thousand crores in the first year. You have also said that Food for Work Programme would be covered from the budgetary allocation of Rs. 24 thousand crores to the rural sector. That takes care of the funding aspect. But the question before us is what efforts be made

for successful implementation of the programme? Firstly, although the Bill proposes to empower the panchayats to have the final say in implementing and monitoring projects, the vested interests often forge a nexus and siphon off the money intended for development.

The Rs. 9 crore fraud detected recently in employment guarantee scheme is Maharashtra is the latest example. Second is, will the States be able to contribute their share? And lastly, will the fiscal deficit remain within acceptable limits?

It is not a cynic's view point but questions which need to be deliberate upon and answered be given to. With political will and support the Bill will be passed, no doubt, but the question, if remain unanswered, will not augur well for the nation.

With these words, I conclude.

श्री राजाराम पाल सभापति महोदय, मैं बहुत ही महत्वपूर्ण विधेयक, राट्रीय ग्रामीण नियोजन गारंटी विधेयक, 2004 के समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं यूपीए सरकार को भी धन्य वाद देना चाहता हूं कि उन्होंने एक ऐसा बिल लाकर उन तमाम बेरोजगारों, गरीब मजलूमों को एक आशा की किरण जरूर दिखाने का काम किया cè[r102]*

लेकिन जो अब तक का इतिहास बताता है, आजादी के 58 साल के बाद का इतिहास बताता है कि देश को आजाद कराने वालों ने जिस मंशा से देश को आजाद कराया था और ऐसा नहीं है कि जिनके नाम इतिहास में हैं, उन्होंने अकेले ही देश को आजाद नहीं कराया था बल्कि देश को आजाद कराने वालों में ऐसे लोग भी शामिल थे कि जो भले ही गरीब थे लेकिन देशभक्ति की भावनाओं से पूरी तरह से ओतप्रोत थे। जैसे कि कोई आदमी था, फुटपाथ पर पड़ा था, भूख से मरा था, कफन उठाकर जब देखा तो क्या पाया कि पेट में यह लिखा था कि सारे जहां से अच्छा, हिन्दोस्तां हमारा। ऐसे लोगों ने देश को आजादी दिलाने का काम किया है। लेकिन 58 साल के आंकड़े बताते हैं कि सरकारों ने गरीबों को लुभावने नारे दिये हैं।

मैं एक ही बात कहता हूं कि चूंकि इनका ग्रामीण मंत्रालय बहुत बड़ा मंत्रालय है और भारत गांवों का देश है। इस भारत में लगभग 600 जिले हैं, 8,000 ब्लॉक हैं और 2,70,000 पंचायतें हैं और लगभग 6 लाख गांवों में एक अरब चौंतीस लाख आबादी वाले भारत देश में बेरोजगारी दूर करने के लिए पिछले 58 साल में जो प्रयास किये गये हैं, जो भारत सरकार की योजनाएं हैं, अगर वे सही रूप में धरती पर अक्षरश: लागू की जातीं तो सदन के माध्यम से मैं कहना चाहता हूं कि अब तक गरीबी पर चर्चा करने की आवश्यकता ही नहीं रहती लेकिन भारत सरकार की जो योजनाएं हैं, गांवों तक, गरीबों तक पहुंचते-पहुंचते केवल कागजों पर ही देखने को मिलती हैं। गरीबी मिटाने के लिए अभी तक कोई सार्थक प्रयास नहीं किये गये हैं। इसलिए मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि यह बिल जो बेरोजगारी मिटाने के लिए लाया गया है, यह एक कमजोर बिल है। सरकार की गरीबी मिटाने की कमजोर इच्छा है। इसलिए मैं चाहूंगा कि इस विधेयक में जो आपने प्रावधान किया है, वह सौ दिनों की बजाए जैसे हमारे साथी ने कहा है, पूरे साल रोजगार की गारंटी हो और साठ रुपये से बढ़ाकर सौ रुपये तक करने का प्रावधान करेंगे तो निश्चित तौर पर यह विधेयक सार्थक विधेयक साबित होगा। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि जो देखने को मिला है, संविधान की प्रस्तावना में जो मंशा है कि आजाद भारत के प्रत्येक व्यक्ति को रोटी, कपड़ा, मकान, चिकित्सा और शिक्षा व सुरक्षा जैसी चीजें आज मिलनी चाहिए। आज 58 साल पूरा करने के बाद भी ये सारी चीजें हम देश के हर व्यक्ति को मुहैया नहीं करा पाए हैं। आज भी करोड़ों लोग भूख से मर जाते हैं, दवाओं के अभाव में दम तोड़ देते हैं और आज करोड़ों लोगों के लिए हमारी सरकार ने सर छुपाने के लिए छत का प्रबन्ध नहीं किया है। इस देश में कुत्ता-बिल्ली और वन्य जीवों के संरक्षण के लिए भारत सरकार बड़ी-बड़ी योजनाएं बनाकर उनकी व्यवस्था करने का काम करती हैं लेकिन गरीबों की जब गरीबी मिटाने की बात करती है तो उन्हें खुले आसमान में मरने के लिए छोड़ देती हैं, उनके लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है। इसलिए मैं माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूं और मैंने पिछले सत्र में भी कहा था कि आपने जो राट्रीय सम विकास योजना के तहत डेढ़ सौ जिले और 'काम के बदले अनाज योजना' में चयन किये हैं, मैं आपको बताना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र बिल्हौर में प्रत्येक वर्ा बाढ़ आती है, हजारों गांव और परिवार इस भयंकर बाढ़ से बिहार की तरह प्रभावित होते हैं। मेरा आपसे निवेदन है कि ऐसे संसदीय क्षेत्र बिल्हौर को 'काम के बदले अनाज योजना' में आप शामिल करने का काम करें।

अंत में, इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

[ड्ड103ट]

चौधरी विजेन्द्र सिंह महोदय, राट्रीय ग्रामीण रोजगार बिल पर बोलने का मौका दिया है, उसके लिए मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूँ।

MR. CHAIRMAN : You conclude your speech in one or two sentences because from this side a dozen people have spoken. Why do you take the time? It is because we have to complete.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: This is the most important Bill. We have extended the Session also.

CHAUDHARY BIJENDRA SINGH : I will take only two minutes.

MR. CHAIRMAN: Please co-operate. I am telling you this in your interest only. I will not force Members from that side but I will force Members from your side.

चौधरी विजेन्द्र सिंह : महोदय, मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूँ कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया है। मैं यूपीए की चेयरमैन सोनिया गांधी जी, माननीय ग्रामीण विकास मंत्री श्री रघुवंश प्रसाद सिंह जी और यूपीए सरकार को बधाई देना चाहता हूँ कि सीमित साधनों के होते हुए भी कम से कम यह साहसिक और ऐतिहासिक काम किया है।

MR. CHAIRMAN: Please conclude.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: There is no meaning in allowing the speeches from this side.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: I will call you. Please be seated.

चौधरी विजेन्द्र सिंह : महोदय, मैं सिर्फ दो लाइनें कहना चाहता हूँ। "जाके पांव न फटी बिवाई वह क्या जाने पीर पराई " अर्थात जो इंसान जिस माहौल में पैदा होता है, वही उसके दुखदर्द और आवश्यकता को पहचानता है।

मान्यवर, यह हमारी पार्टी का एजेण्डा था, हमारे घोाणा पत्र में यह घोाणा थी और हमारी यूपीए सरकार के न्युनतम साझा कार्यक्रम का यह रोजगार गारन्टी एक हिस्सा है। सोनिया जी ने जनता से जो वायदा किया था, सीमित साधनों के होते हुए भी कम से कम उसे पूरा करने की कोशिश की है। मैं यह कहना चाहता हूँ…(व्यवधान) महोदय, सदन में यह कहा गया है कि आजादी के बाद के इन 58 सालों में पिछली सरकारों ने क्या किया? मैं उन्हें बताना चाहता हूँ कि…(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: You are speaking from the Treasury Benches. It is the need of the hour that we complete this discussion. We have no time.

चौधरी विजेन्द्र सिंह : महोदय, आप नए लोगों को डिस्करेज कर रहे हैं, इतनी देर में तो मैं अपनी बात कह चुका होता।

महोदय, श्री कल्याण सिंह जी अभी सदन में उपस्थित नहीं हैं। वे बहुत वरिठ सदस्य हैं, उन्होंने कहा था कि इस बिल को लाने में सरकार ने देरी की है। मैं बताना चाहता हूँ कि सरकार ने देरी नहीं की है बल्कि सरकार सभी पहलुओं की समीक्षा करके यह बिल लायी है। उन्होंने कहा था कि आजादी के बाद के 58 सालों में सरकार ने क्या किया? मैं बताना चाहता हूँ कि इस दौरान सरकार ने बहुत-सी योजनाएं आरम्भ कीं - सरकार प्रधानमंत्री रोजगार योजना लाई, सरकार स्वर्ण जयन्ती रोजगार योजना लाई, सरकार पंचायती राज लाई, इसके साथ ही सरकार काम के बदले अनाज की योजना लाई। ये तमाम योजनाएं गरीब की रोटी, कपड़ा और मकान में हमेशा सहायक सिद्ध हुई हैं और आज हमारी यूपीए सरकार ने यह जो रोजगार गारन्टी बिल लाने का साहसिक और ऐतिहासिक काम किया है, वह रामबाण सिद्ध होगा। इससे बड़ा काम कभी नहीं किया गया है, एनडीए सरकार भी इसके लिए कभी साहस नहीं जुटा सकी और हमारी यूपीए सरकार ने मात्र डेढ़ वर्ा में सीमित आर्थिक साधनों और अर्थव्यवस्था बहुत अच्छी न होते हुए भी यह ऐतिहासिक कार्य किया है। मैं इस बिल का समर्थन करता हूँ। सोनिया जी, प्रधानमंत्री जी और डा. रघुवंश प्रसाद सिंह जी इसके लिए बधाई के पात्र हैं।

*"यह (यूपीए) सरकार एक राट्रीय नियोजन गारंटी अधिनियम तत्काल अधिनियमित करेगी इसमें शुरूआत में न्यूनतम वेतन पर प्रति वर्ा परिसम्पत्ति का सृजन करने वाले जानकार्य संबंधी कार्यक्रमों के संबंध में ग्रामीण क्षेत्रों, गरीबों और मध्य निम्न वर्ग के ग्रहस्ति के कम से कम 100 दिनों का रोजगार हेतु वैधानिक गारंटी का प्रावधान होगा।"

भारत में बेरोजगारी -

1. बेरोजगारी का तात्पर्य लोगों की उस स्थिति से है जिसमें वे प्रचलित मजदूर दरों पर काम करने के इच्छुक तो होते हैं परंतु उन्हें काम नहीं प्राप्त होता वह स्थिति अत्यंत कटदायक तथा श्रमशक्ति के

---

* This part of peech was laid on the Table.

लिए विनाशकारी होती है। प्रतिभा पलायन, भ्रटाचार, आतंकवाद आदि अनेक सामाजिक तथा आर्थिक बुराइयां बेरोजगारी से पनपती हैं। अतः उनका समाधान अति आवश्यक है भारत के लिए बेरोजगारी एक महत्वपूर्ण समस्या बन चुकी है। वास्तव में हमारी अर्थव्यवस्था तीव्र गति से बढ़ रही है। जनसंख्या के अनुरूप रोजगार स्रजित में सक्षम नहीं है फलतः बेरोजगारी की समस्या बढ़ती ही जा रही है।

2. श्रम मंत्रालय के अनुसार ऐसे व्यक्तियों की संख्या जिन्हें एक वर्ा में एक दिन का भी रोजगार उपलब्ध नहीं है 95 लाख है, और उनमें से अधिकांश व्यक्ति ग्रामीण क्षेत्र के हैं।

3. मैं सरकार का ध्यान 2001 की जनगणना रिपोर्ट की ओर दिलाना चाहूंगा। इस रिपोर्ट में अन्य बातों के साथ-साथ यह भी कहा गया है कि देश में 1991 में बेरोजगार लोगों की संख्या 13.8 मिलियन थी जो 10 वर्ाों में 3 गुना से भी बढ़कर 2001 में 44.5 मिलियन हो गयी । आज देश में लगभग 40 प्रतिशत स्नातक उत्पादनकारी नौकरियां नहीं कर रहे हैं। यहां तक कि तकनीकी स्नातकों में भी कम से कम 32 प्रतिशत लोग रोजगार में नहीं लगे हुए हैं। इस रिपोर्ट को गम्भीरता से देखते हुए मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि देश में रोजगारी की समस्या को हल करने के लिए युद्धस्तर पर कदन उठाए जाएं।

4. विभिन्न राज्यों में शारीरिक श्रम के लिए दी जा रही मजदूर में काफी अंतर है जो कि नागालैंड में यह न्यूनतम 25 रु. से लेकर केरल में 134 रुपए है। किसी व्यक्ति द्वारा इतनी कम मजदूरी पर कार्य करने के लिए राजी हो जाना उस व्यक्ति की अत्यधिक गरीबी का संकेत है तथा इसके लिए और किसी संकेत की आवश्यकता नहीं है।

5. राट्रीय स्तर पर न्यूनतम मजदूरी वर्ा 1996 में 35 रुपए निर्धारित की गयी थी और तत्पश्चात् इसमें वृद्धि करके 45 रु. और 50 रु. किया गया है और इस समय यह 60 रु. है।

6 ग्राम विकास विभाग द्वारा दर्शाए गए आंकड़ों के अनुसार 18 से 64 वर्ा के आयु वर्ग के ग्रामीण लोगों की संख्या 38.91 करोड़ है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार 18 से 64 वर्ा के आयु वर्ग की गरीबी रेखा (बीपीएल) से नीचे लोगों की संख्या 10.4 करोड़ होगी। अगर प्रति व्यक्ति 100 रु. प्रति मानव दिवस के आधार पर दिया जाता हैः

सं.	काम की मांग करने वाले लोगों का प्रतिशत	निधियों की आवश्यकता
1.	100%	1,00,464,.00 करोड़ रुपए
2.	50%	50,232.00 करोड़ रुपए
3.	30%	30,139.20 करोड़ रुपए
4.	20%	20,092.80 करोड़ रुपए

7. भारत में बेरोजगारी ढांचागत तरीके की है। कृाि की पुरानी पद्धति उद्योगों का अल्पविकास, सेवा क्षेत्रों का छोटा आकार आदि के कारण श्रम की मांग कम होती है। भारत जैसे देश में समस्या प्रभावशाली मांग की कमी नहीं है बल्कि यहां तो समस्या पूंजी की अपर्याप्तता की है अर्थात पूंजी के अभाव से रोजगार के नए अवसरों का सृजन नहीं हो पाता फलतः बेरोजगारी बढ़ती जाती है और दीर्घाकाल तक बनी रहती है।

8. काफी बड़ी संख्या में लोग स्वतंत्रता प्राप्ति के समय में बेरोजगार थे, स्वतंत्रता प्राप्ति के उपरांत भी देश की आर्थिक स्थिति इतनी सुदृढ़ नहीं थी कि रोजगार के नवीन अवसरों का तेजी से सृजन किया जा सके। दूसरी ओर जनसंख्या वृद्धि की उच्च दर के कारण कार्यकारी उम्र के लोगों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। शिक्षा के प्रचार के फलस्वरूप शिक्षित बेरोजगारी की संख्या में आम वृद्धि हुई है। नगरीय क्षेत्रों में 1965 से 1980 के बीच औद्योगिक मंदी रहने के कारण भी रोजगारी में वृद्धि हुई है साथ ही भूमिहीन व निर्धन लोग प्रत्यक्ष रूप से भी बेरोजगार हैं। इस प्र ाकार भारत में बेरोजगारी में प्रायः सभी रूप में देखने को मिल जाते हैं।

9. भारत में बेरोजगारी के कारण

भारत मे बेरोजगारी के लिए अनेक कारण उत्तरदायी हैं जैसे किः

1. विकास की गति का मंदा होना।

2. जनसंख्या की अत्यधिक उच्च वृद्धि दर के कारण श्रम की पूर्ति में तीव्र वृद्धि।

3. श्रम प्रधान तकनीकी के स्थान पर पूंजी प्रधान तकनीक को अपनाना।

4. व्यवसायिक शिक्षा को कम महत्व प्रदान करना।

5. सम्पत्ति का अनुमान वितरक।

6. लघु एवं कुटीर उद्योगों का पर्याप्त विकास आदि।

भारत में बेरोजगारी निवारण हेतु सरकारी नीति

1. यद्यपि भारत में बेरोजगारी एक चिन्तनीय समस्या रही है, परनतु सरकार ने अभी तक किसी ठोस और दीर्घकालिक रोजगार नीति का प्रतिपादन एवं क्रियान्वयन नहीं किया है पंचर्वीय योजनाओं में बेरोजगारी को दूर करने का प्रयास किया गया लेकिन पांचर्वी पंचर्वीय योजना में आकर ही सरकार ने रोजगार को उच्च प्राथमिकता प्रदान की। बेरोजगारी दूर करने के लिए अनेक कार्यक्रम चलाए जैसे N.R.E.P, I.R.D.P आदि। सातर्वी पंचर्वीय योजना में सरकार ने एक विशाल कार्यक्रम जवाहर रोजगार योजना चलाया। पूर्व की सभी योजनाओं के विपरीत आठर्वी पंचर्वीय योजना में रोजगार के अवसरों में विस्तार की एक मुख्य उद्देश्य स्वीकार किया, फिलहाल दसर्वी पंचर्वीय योजना चल रही है।

2. सरकार ने रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए कई कार्यालय खोले हैं

1. अगस्त 2004 के अंत तक रोजगार कार्यालयों की कुल संख्या - 947

2. विश्विद्यालय रोजगार सूचना एवं मार्गदर्शन बयूरा - 82

3. व्यवसायिक एवं कार्यकारी रोजगार कार्यालय - 15

4 बगान श्रमिकों के लिए विशेा रोजगार कार्यालय - 01

यूपीए सरकार

1. यूपीए सरकार ने इन सभी हालातों को देखते हुए राट्रीय रोजगार गारंटी विधेयक संसद मे पेश किया।

2 अनुदान मांग 2005-06 में सम्पूर्ण रोजगार योजना के साथ-साथ राट्रीय "काम के बदले अनाज" कार्यक्रम वर्तमान में चुने हुए 150 जिलों में कार्यान्वित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के लिए अनाज की मात्रा बढ़ा कर 50 लाख मी. टन और नगद धनराशि 4500 करोड़ रु. कर दी गई है, जब राट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम कार्यान्वित किया जाएगा तब इन दोनों कार्यक्रमों को आपस में मिला दिया जाएगा और अधिनियम के नाम से जाना जाएगा।

3 स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना के लिए 2003-04 के 800 करोड़ रु. के परिव्यय को बढ़ाकर 2004-05 में 1000 करोड़ रु. किया गया।

4 बीमाशुदा ऐसा व्यक्ति जो फैक्ट्री तथा प्रतिठान के बंद होने या छंटनी होने या सेवा स्तर दुर्घटना में स्थायी तौर पर हुई अशक्तता के कारण मजबूरी में बीमा युक्त रोजगार छोड़ देता है उसके लिए बेरोजगारी भत्ता योजना का प्रावधान है।

5 असंगठित क्षेत्र के कामगारों के कल्याण के लिए विधेयक तैयार किया जा रहा है।

6 स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार के तहत शहरी गरीबों को स्वरोजगार में मदद करने के लिए 2004-05 में लगभग 69,000 अति लघु उद्यम स्थापित किए गए।

रोजगार को बढ़ाने के लिए सबसे पहले गरीबों का विशेा ध्यान रखना होगा तभी यह सब कार्यक्रम सार्थक होंगे।

1 निर्धनता के लिए रोजगार के विशेा कार्यक्रम चलाना।

2 निर्धनों को आसान शर्तों पर ऋण आदि उपलब्ध कराना ताकि वह कोई उद्यम स्थापित कर सकें।

3 श्रम प्रधान तकनीकी को प्रोत्साहित करना।

4 ग्रामीण क्षेत्रों में लघु एवं कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देना।

5 गरीबों को शिक्षित करना एवं विशेा रूप से रोजगार प्रदान करने वाली तकनीक का प्रशिक्षण देना।

6 ग्रामीण विकास के कार्यक्रमों को निर्धनों के लिए रोजगार की उत्पत्ति से संबंधित करना आदि।

अंत में मैं यूपीए सरकार को, माननीय प्रधानमंत्री जी को, माननीय श्रीमती सोनिया गांधी जी को, और माननीय डॉ. रघुवंश जी को बधाई देना चाहता हूं कि सीमित साधनों मों इस बिल को लाकर एक ऐतिहासिक कार्य किया है। मैं इस बात का समर्थन करता हूं। जय हिन्द।

श्री राकेश सिंह (जबलपुर) : महोदय, मैं अपनी स्पीच सदन के पटल पर रखता हूँ।

MR. CHAIRMAN: It is very good. Laying written speech on the Table is very much appreciated.

श्री राकेश सिंह महोदय, मैं आपका आभारी हूँ कि आपने मुझे राट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी विधेयक पर बोलने का अवसर प्रदान किया।

महोदय, आज हमारे देश में बेरोजगारी बहुत बड़ी समस्या है। एक ओर जहां बहुत बड़ी संख्या में उच्च शिक्षित युवा रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं, वहीं गरीबी के कारण शिक्षा प्राप्त नहीं कर सके युवा भी बहुत अधिक संख्या में काम की तलाश में मारे-मारे फिर रहे हैं। ऐसी स्थिति में यह अधिनियम अपने नाम को सार्थक नहीं करने के बाद भी महत्वपूर्ण है क्योंकि बेरोजगारी ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में समान रूप से है, अंतर इतना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर शहरी क्षेत्रों की तुलना में बहुत कम होते हैं, इसलिए ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने वाला यह अधिनियम उपयोगी है, किन्तु इससे जुड़ी हुई अनेक बातें हैं, जिनमें सुधार आवश्यक है।

महोदय, इस अधिनियम में ग्रामीण क्षेत्रों में एक परिवार के एक वयस्क को वर्ा में 100 दिनों के लिए रोजगार प्राप्त होगा, जिसका पारिश्रमिक उसे एक माह के भीतर प्राप्त होगा। यदि प्रार्थी को 15 दिनों के भीतर रोजगार प्राप्त नहीं होगा तो वह बेरोजगारी भत्ता पाने का अधिकारी होगा।

महोदय, यहां हमें अपने देश की ग्रामीण सामाजिक संरचना को समझना होगा ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह अधिनियम ग्रामीण क्षेत्रों में अपने मूल पारिवारिक व सामाजिक सद्भाव को बिगाड़ने का दोाी न ठहराया जा सके क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी संयुक्त परिवार की प्रथा है। एक परिवार में 18 वर्ा से अधिक उम्र के अनेक बेरोजगार युवा होते हैं। किन्तु उनमें से मात्र एक व्यक्ति को ही यह अधिनियम रोजगार का अवसर उपलब्ध कराएगा और यही स्थिति चिंता पैदा करती है कि पारिवारिक मूल्यों और पारिवारिक सद्भाव, जो हमारे देश की संस्कृति में रचे-बसे हैं, को हम कैसे बचाएंगे क्योंकि परिवार में रोजगार पाने वाला एक व्यक्ति कौन होगा, इसका निर्णय बहुत कठिन होगा। इसलिए मैं ऐसा मानता हूँ कि परिवार के प्रत्येक वयस्क सदस्य को रोजगार मिले, ऐसा प्रयास होना चाहिए। साथ ही एक और बात पर विचार करना चाहिए कि वर्ा में मात्र 100 दिनों के लिए रोजगार उपलब्ध कराकर हम बेरोजगारी को हटाने की बात कैसे कर सकते हैं? इस मंहगाई के युग में एक परिवार का मात्र एक सदस्य 60 रूपए प्रतिदिन का पारिश्रमिक पाकर, 100 दिनों के लिए पाकर, वर्ा के 365 दिनों में स्वयं और अपने आश्रितों का भरण्-पोाण कैसे कर सकेगा? इस स्थिति में क्या वर्ा के शेा 265 दिनों में उसे और उसके परिवार

---

* Speech was laid on the Table.

को बेरोजगारी और भुखमरी का सामना नहीं करना पड़ेगा और यदि ऐसा है तो क्या इसे हम रोजगार गारन्टी का नाम देकर भ्रम की स्थिति निर्मित नहीं कर रहे हैं?

महोदय, यदि हम आप इसे 100 दिनों से अधिक बढ़ाने की स्थिति में नहीं हैं तो कम से कम पारिश्रमिक की दर पर ही हमें विचार करना चाहिए जो कि मात्र 60 रूपए प्रतिदिन है।

महोदय, बेहतर यह होगा यदि हम वर्ा में 100 दिनों के बदले पूरे 365 दिनों की बात करें। परिवार के किसी एक सदस्य को नहीं बल्कि परिवार के प्रत्येक वयस्क सदस्य को रोजगार देने की बात करें, तब कहीं जाकर हम रोजगार गारन्टी शब्द को सार्थक स्वरूप प्रदान कर सकेंगे।

महोदय, सरकार अभी मात्र 200 जिलों में इसे लागू करने की बात कर रही है, जबकि अच्छा होता कि इसे पूरे देश में एक साथ लागू किया जाता ताकि अभी जिन जिलों में काम के बदले अनाज योजना लागू नहीं है, वे भी इससे लाभान्वित हो सकें। विशेा रूप से एक बात की ओर मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्ति करना चाहता हूँ कि इस अधिनियम को लागू करते समय यह बात ध्यान में रखनी चाहिए कि ऐसे जिले जहां इसकी वास्तव में आवश्यकता है, वहां इसे पहले लागू करना चाहिए। म् कहना चाहता हूँ कि अभी-अभी जिन जिलों ने बाढ़ और अतिर्वा की आपदा झेली है, जिनमें मेरे लोकसभा क्षेत्र के दोनो जिले - जबलपुर व कटनी - शामिल हैं, जहां बाढ़ व अतिर्वा ने ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों को भीाण नुकसान पहुंचाया है। जबलपुर व कटनी में ग्रामीण क्षेत्रों में फसलें तबाह हो चुकी है, खेतिहर मजदूरों के लिए काम नहीं है। इसलिए ऐसे प्राकृतिक आपदाग्रस्त जिले, जिनमें मध्य प्रदेश के अन्य जिले भी शामिल हैं, को प्रारंभिक रूप से चिन्हित किए जाने वाले जिलों में जोड़ा जाना चाहिए।

महोदय, यह अत्यंत महत्वपूर्ण प्रस्तावित अधिनियम पूर्व की कांग्रेस सरकारों की अन्य भ्रामक योजनाओं की ही तरह भ्रटाचार की भेंट न चढ़ पाए, इसकी विशेा चिन्ता की जानी चाहिए। अंत में मान्यवर, मैं कहना चाहता हूँ कि बेरोजगारी ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों में भी विकराल स्वरूप में हैं, किन्तु जिसकी कोई चिन्ता, यूपीए सरकार की ओर दिखाई नहीं दे रही है। यह ठीक नहीं है। इसलिए शीघ्र ही इस पर विचार कर शहरी क्षेत्रों के लिए भी रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए किसी ठोस और सार्थक योजना को इस सदन में लाने की जिम्मेदारी यूपीए सरकार की है, जिसे पूरा कर शहरी क्षेत्र के युवाओं को निराशा के वातावरण से निकालना होगा।

आपने मुझे बोलने का अवसर प्रदान किया, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूँ।

डॉ. सत्यनारायण जटिया महोदय, इस बिल को देखकर लगता है :

" बदल गया कुछ लोगों का जीवन आंसू पीने वाले परिवार वही हैं।

क्या बदला जब मानवता की पीर वही है तकदीर वही है।।"

मैं जानता हूँ कि इस योजना में 100 दिन का काम देने की व्यवस्था है और इसके लिए 6,000 रूपए मिलेंगे। लेकिन मात्र 6,000 रूपए में एक परिवार का गुजारा कैसे हो सकेगा? पति-पत्नी, उसके माता-पिता और दो बच्चों वाले एक परिवार के इतने पैसे में गुजारा करने की हम कल्पना करते हैं। पहले भी काम के बदले अनाज योजना चलती, उसमें काम तो कम हुआ, अनाज के बदले रुपया हो गया। इसमें 60 रूपए न्युनतम मजदूरी देने की बात कही गयी है। साल भर में उसे 6,000 रूपए मिलेंगे चाहे वह इसे बेकारी भत्ते के रूप में ले या फिर काम की मजदूरी के रूप में और 4,000 रूपए उस पर खर्च हो जाएगा अर्थात हम जो दस हजार रूपए उस पर खर्च करने वाले हैं उसमें से 6,000 ही रूपए उसे मिलेंगे। लेकिन वास्तव में उसे कितने रूपए मिले, इसकी निगरानी करने के लिए इसमें जो निगरानी व्यवस्था है, उसमे अगर कोई व्यक्ति अनियमितता करता है तो उस पर एक हजार रूपए की पेनल्टी लगाई जा सकती है। इसका अर्थ यह है कि यदि कोई व्यक्ति इस योजना को ठीक से लागू नहीं करता है तो मात्र एक हजार रूपए देने से उसका सारा मामला खत्म हो जाएगा*[r104]

इसलिए इन सारी बातों को करने के लिए जो कुछ भी प्रावधान किए गए हैं, वे पूरे होने एवं खरे उतरने चाहिए। यह कहा गया है कि हम प्रारम्भ में इस योजना को 200 जिलों में शुरू करेंगे। लेकिन 150 के अतिरिक्त वे जिले कौन-कौन से होंगे, इसके बारे में कोई जिक्र नहीं है। अनुसूचित जाति, जनजाति वाले जिले और पहाड़ी क्षेत्र के इलाकों में जो लोग रहते हैं, वहां उन्हें रोजगार की सख्त जरूरत है। अगर उन्हें रोजगार नहीं मिलता है, तो निश्चित रूप से इस योजना का लाभ उन्हें मिलना चाहिए । कुल योजना में आपने 38,600 करोड़ रुपए खर्च करने की बात कही है। उसमें से 34,740 करोड़ रुपए की राशि केन्द्र सरकार वहन करेगी और बाकी का व्यय राज्य सरकारों को वहन करना पड़ेगा। यदि किसी प्रदेश सरकार का यह व्यय नहीं हो, तो फिर इस योजना को वहां लागू करने का मौका नहीं मिलेगा। इस दृटि से इन सारी बातों का इसमें समावेश किया जाए। यदि सरकार योजना बना रही है, तो जैसे काम के बदले अनाज योजना में शत-प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार वहन करती है, उसी तरह इसमें भी प्रावधान होना चाहिए।

इन सारी बातों को देखते हुए लगता है कि यह जो योजना बनाई गई है, इसमें कोई गारंटी नहीं है। इसे ऐसा कहा जा सकता है कि यह मिनिमम वारंटी वाली योजना है, क्योंकि इसमें बहुत शर्तें लगा दी गई हैं। 100 दिन का काम और बाकी दिन ना काम । बरसात के मौसम में काम कहां मिलेगा, यह भी विचार करने लायक है। काम के लिए योजना में भुगतान भी देना होगा। अगर आज कोई काम करता है, उसे सात दिन में या 15 दिन में भुगतान देते हैं, तो फिर वह क्या खाएगा और काम के लिए कैसे जाएगा, खाएगा नहीं तो जिया कैसे जाएगा। इसलिए इस योजना में जितन भी काम हैं, उनके लिए जैसे दिहाड़ी मजदूरी उसी दिन मिलती है, वैसे ही आज जो काम करे, उसे उसी दिन भुगतान मिलना चाहिए। अगर उसी दिन काम, उसी दिन दाम तो निश्चित रूप से उसे मिलेगा आराम, नहीं तो वह हो जाएगा बेदाम। इसलिए ये जो न्यायसंगत बातें हैं, इस पर गौर करना चाहिए।

इस बिल का जो हिन्दी अनुवाद हमें मिला है, उसमें एक गलती हो गई है। हिन्दी अनुवाद में कहा है कि देश के ग्रामीण क्षेत्र की निर्धन बस्तियों में व्यक्ति को सरकार द्वारा प्रत्येक वित्तीय वर्ा में प्रत्येक व्यक्ति को, जो अवयस्क है, यह 'अवयस्क' गलत लिखा गया है, इसकी जगह ' वयस्क' होना चाहिए। इसलिए इसे सुधारना चाहिए।

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : यह क्लेरिकल मिस्टेक है। आपने जो बताया उसके लिए धन्यवाद। इसमें सुधार हो जाएगा।

डॉ. सत्यनारायण जटिया : गलती आखिर गलती ही है इसलिए इसमें सुधार करना चाहिए। बेकारी भत्ता किस प्रकार से देंगे और काम देने के लिए क्या नीति बनाने वाले हैं, उसके लिए प्र ाबंध करना पड़ेगा, वह होना चाहिए। सबसे बड़ी चिंता का विाय है कि राज्य सरकारों के पास धन नहीं हुआ, तो फिर इस योजना का क्या होगा, क्योंकि आप कह रहे हैं कि 25 प्रतिशत भार राज्य सरकारों को वहन करना पड़ेगा। आपने कहा है कि हम इस योजना को पांच वर्ा में पूरे देश में लागू कर देंगे। आप इसका भरोसा न करें और जितना समय मिला हैं, उसी में इस योजना को पूरे देश में लागू करने का काम करें। पांच वर्ा का समय किसने देखा है। इसलिए अच्छी योजना को सभी जिलों में लागू करने के लिए जल्दी कदम उठाना चाहिए। हमने संविधान के प्रि एम्बल में भी लिखा है कि सामाजिक और आर्थिक न्याय देना है। इसलिए सामाजिक और आर्थिक न्याय का कदम पूरा हो सके, आप इसे जल्दी से पूरे देश में लागू करें। जिससे हम सब योजना को फलीभूत होता देख सकें, उसे साकार और सार्थक होता देख सकें। इस योजना में जो कमियां हमारे सामने हैं, उनमें किस प्रकार से सुधार करेंगे, क्योंकि यह अधिनियम आ गया है इसलिए सुधार करने का ज्यादा मौका आपके पास नहीं है। परंतु आप गाइडलाइंस जारी करते हुए इन सारी बातों को सम्मिलित कर सकते हैं।

इस बिल की भावना निश्चित रूप से सही है। यह भी सही है कि इसमें कुछ कमियां हैं, उसमें सुधार करने की आवश्यकता है। इस योजना को ठीक प्रकार से लागू किया जाएगा, तो लोगों को लाभ मिलेगा, ऐसा मेरा मानना है। योजना को लागू करते समय जो इसमें बातें हैं, उन्हें बहुत निकटता से देखने की जरूरत है। आपने इसमें निगरानी की बात कही है, लेकिन उस तरफ पूरी तवज्जोह नहीं दी है। अगर तवज्जोह नहीं देंगे, तो यह काम पूरा नहीं होगा। इसलिए गरीबों के लिए जो हम काम करते हैं, उसे सही ढंग से करना चाहिए, क्योंकि हमारी भावना है - मानव मानव में भेद नहीं, कर्म-धर्म समान है, सामाजिक समता मनुये का जन्मसिद्ध अधिकार है। इस रोजगार के जन्मसिद्ध अधिकार को आर्थिक न्याय के आधार से जोड़ेंगे, तो इस योजना का लाभ जरूर मिलेगा।

22.00 hrs.

SHRI RAVICHANDRAN SIPPIPARAI Sir, share market index is soaring high; foreign reserves touch upon 6 lakh crores of rupees mark; annual growth rate of our economy is pegged at 7%; all these indices promise that India will be emerging in the next 25 years a great economic power. Apart from showing concern about providing the basic infrastructural need there is a need to meet the basic needs of about 30 crores of people who live below the poverty line. We now deliberate on a Bill that comes to the aid of about 20 crores of agricultural labour who live in the rural areas of the country. It is a new milestone of UPA's governance that has a human face about it. I heartily welcome the National Rural Employment Guarantee Bill.

